तापमान
अधिकतम 39.4 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 6 मई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


खपरगंज में व्यापारी सामान सड़क पर रखकर कर रहे जाम।

## खबर संक्षेप

### एयू कुलपति लेंगे प्राचार्यो की बैठक आज



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के नए कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया बुधवार को संबद्ध कालेजों के सभी प्राचार्यो की बैठक लेंगे। नए कुलपति के रूप में यह उनकी पहली बैठक हैं जिसमें वे सभी प्राचार्यो से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। अटल यूनिवर्सिटी की ओर से इस बैठक के संबंध में सभी संबद्ध कालेजों के प्राचार्यो को पत्र भेजा गया है। इस बैठक में परीक्षा पूर्व आवश्यक तैयारी, नई शिक्षा नीति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। इस दौरान कालेजों के प्राचार्यो की ओर से अपनी बात और सुझाव दिए जाएंगे। कुलपति प्रो. पटेरिया भी सभी प्राचार्यो को संबोधित करेंगे। यह बैठक सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे यूनिवर्सिटी के नए भवन के चतुर्थ तल स्थित सभाकक्ष में होगी। इस बैठक में प्राचार्यो को अपने-अपने प्रतिनिधियों के साथ आने कहा गया है।

### पांच महिला आरक्षकों का तबादला

**बिलासपुर।** 5 मई को एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से 5 महिला आरक्षकों का तबादला आदेश जारी किया गया है। इसमें महिला प्रधान आरक्षक मृदुलता पाठक का सिरगिट्टी से पुलिस लाइन, आरक्षक कविता सूर्यवंशी का पुलिस लाइन से रक्षा टीम, नीलम जांगड़े का पुलिस लाइन से रक्षा टीम, प्रिया शुक्ला का पुलिस लाइन से एसपी आफिस शिकायत शाखा, प्रियंका राजपूत का हिर्री से तारबाहर थाना किया गया है।

### स्थानांतरण के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ ने वन विभाग के मैदानी अमले के अधिकारियों व कर्मचारियों वन क्षेत्रपाल से वन रक्षक तक के स्थानांतरण पर प्रतिबंधित अवधि में स्थानांतरण करने पर सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से असहमति व्यक्त की गई है। कर्मचारी संघ की ओर से पत्र जारी किया गया है कि स्थानांतरण नीति के विपरीत पदस्थापना, स्थानांतरण, संलग्नीकरण कार्य आबंटन नहीं किया जाएगा। संघ के अनुसार बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक को ज्ञापन सौंपकर कहा गया है कि वनमंडल कार्यालयों में कार्य संपादन, कार्य आबंटन के नाम पर नियम विरूद्ध अनावश्यक स्थानांतरण किया जा रहा है। नियम विरूद्ध किए गए स्थानांतरण आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ ने निर्णय लिया है कि ज्ञापन में की गई मांग का तत्काल निराकरण नहीं किए जाने पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### 9 मई को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**बिलासपुर।** कोर्ट में लंबे समय से चल रहे मामलों को जल्दी खत्म करने के लिए 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत लगाई जाएगी। वहीं,सुप्रीम कोर्ट भी "समाधान समारोह" नाम से एक खास अभियान चला रहा है, जिसमें आपसी समझौते से पुराने केस सुलझाए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट चाहता है कि, लोगों को जल्दी और आसान न्याय मिले। इसी वजह से "स्पेशल लोक अदालत" का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य कार्यक्रम 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को सुप्रीम कोर्ट में होगा। इस अभियान में ऐसे मामलों को शामिल किया जाएगा, जिन्हें दोनों पक्ष आपसी बातचीत से खत्म करना चाहते हैं। इसके लिए राज्य, जिला और तहसील स्तर पर पहले से बैठकें शुरू हो चुकी हैं।

# कमिश्नरी की दौड़ खत्म, जिलों को वापस भेजे जाने लगे प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अलग खबर

अब एसडीएम द्वारा दिए गए फैसले के विरुध्द दूसरी अपील कलेक्टर के समक्ष की जा सकेगी। इससे पहले अपील संभागायुक्त के समक्ष होती थी जिससे की रायगढ़, जांजगीर, जशपुर,कोरबा, मुंगेली और जीपीएम जिले के लोगों को बिलासपुर मुख्यालय आना पड़ता था। अब लेकिन इस फैसले से प्रकरण से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही इस बदलाव का सीधा फायदा सभी संभागों और आसपास के जिलों को मिलेगा। पुराने नियमों के कारण यदि किसी किसान का विवाद एसडीएम स्तर पर नहीं सुलझता था, तो उसे अपील के लिए संभाग स्थित कमिश्नर कार्यालय की दौड़ लगानी पड़ती थी।

छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 में संशोधन कर दिया गया है। इसके अलावा, धारा 59 में संशोधन से औद्योगिक विकास नीति के तहत आने वाली जमीनों को पुनर्मूल्यांकन से छूट मिलेगी, जिससे प्रदेश में निवेश और रोजगार के रास्ते खुलेंगे। ध्यान रहे कि संशोधन से पहले यदि राजस्व अपील की बात करें तो तहसीलदार स्तर पर दिए गए फैसले की अपील एसडीएम कोर्ट में होती थी। एसडीएम के फैसले से संतुष्ट नहीं हुए पक्षकार दूसरी अपील सीधे कमिश्नर कोर्ट में करते थे। भू-राजस्व संहिता में यही प्रावधान था।

### संभाग के जिलों में 8 हजार से अधिक प्रकरणों में मिलेगी राहत

- रायगढ़, जांजगीर, जशपुर,कोरबा, मुंगेली और जीपीएम जिले के लोगों को बिलासपुर मुख्यालय आना पड़ता था
- जिला स्तर पर सुनवाई की शक्ति मिलने से कमिश्नर कोर्ट पर फाइलों का बोझ कम होगा

### कलेक्टर कोर्ट भेजे जा रहें प्रकरण

नियम के मुताबिक अब कलेक्टर न्यायालयों में ही दूसरी अपील सुनी जाएगी। इसमें बिलासपुर जिले में 1500 के करीब लंबित अपीलिय मामले जिला कलेक्टर न्यायालयों में स्थानांतरित किए जा रहें हैं। इससे सरगुजा में 2600 से अधिक लंबित प्रकरण हैं तो रायगढ़ में 900, कोरबा में 742, जांजगीर में 647 प्रकरण जिला कलेक्टर न्यायालयों में स्थानांतरित किए जा रहे हैं, जिससे लंबी प्रक्रिया से राहत मिलेगी।

### हर पेशी में 100 किमी से अधिक दूर जाना जाना पड़ता था

सालों से चली आ रही इस व्यवस्था के कारण दूसरे जिलों के लोगों को संभागीय मुख्यालय बिलासपुर आना पड़ता था। हर पेशी में 100 किमी से अधिक की दौड़ लगानी पड़ती थी। इससे पूरा दिन सफर और दफ्तरों के चक्कर काटने में निकल जाता था। अब लेकिन संशोधन के बाद अपने ही जिले में कलेक्टर के पास अपील दर्ज हो सकेगी। इस फैसले के बाद कमिश्नर कोर्ट में चल रहे अपील के करीब 8 हजार मामले जिले के कलेक्टर कोर्ट में भेजे जा रहे हैं। पक्षकारों के साथ ही एडवोकेट की दौड़ इसमें देखी जा रही है। कमिश्नर कोर्ट से भी इसकी प्रक्रिया जारी है।

### राजस्व संहिता में संशोधन किया गया

छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 में संशोधन कर दिया है। अब एसडीएम द्वारा दिए गए फैसले के विरुध्द दूसरी अपील कलेक्टर के समक्ष की जा सकेगी। इससे पहले अपील संभागायुक्त के समक्ष होती थी।

**- सुनील जैन,** संभागायुक्त

### 90 दिनों में अनिवार्य रुप से देना होगा फैसला

इस संशोधन को राजपत्र में शामिल कर लिया गया है। इसके तहत अब सुनवाई की डेडलाइन भी तय कर दी गई है। धारा 50 में बदलाव के बाद अब भ्रष्टाचार और लेटलतीफी पर लगाम लगेगी। यदि कोई पक्षकार आवेदन देता है, तो अधिकारी को 90 दिनों के भीतर फैसला सुनाना होगा। यदि अधिकारी खुद किसी मामले में संज्ञान लेते हैं, तो 30 दिनों में निपटारा अनिवार्य है। वकीलों के मुताबिक जिला स्तर पर सुनवाई की शक्ति मिलने से कमिश्नर कोर्ट पर फाइलों का बोझ कम होगा। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब न्याय तारीख पर तारीख के बजाय तय समय सीमा में मिलेगा।



ईदगाह चौक के पास पेड़ गिरने से बिजली का तार टूट गया।

राघवेन्द्र हाल के सामने गिरा बड़ा पेड़।


एसपी आफिस के सामने जज बंगला के पास कार पर गिरा पेड़।

### कोटा रोड पर दर्जन भर पेड़ धराशाई

बताया जा रहा है कि आंधी इस कदर रफ्तार पकड़ी की पेड़ों को जड़ से ही उखाड़ दिया। इस दौरान कोटा रोड़ के लगे एक साथ हरे भरे पेड़ सड़क पर गिर गए, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही, मुख्य सड़क पर पेड़ गिरने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान मौके पर ना तो पुलिस का जवान था और ना ही व्यवस्था की गई थी। जिसके चलते लोगों को यहां से निकलने में मुसीबत का सामना करना पड़ा, साथ ही सकरी क्षेत्र में भी मुख्य सड़क पर बड़ा पेड़ गिर गया, हालांकि इससे जान माल का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन पेड़ गिरने के कारण सड़क प्रभावित रही। यही हाल कोनी बिरकोना मार्ग का रहा जहां चक्रवाती तुफान के कारण पेड़ गिर गए, इस दौरान लोगों ने भवनों में शरण लेकर अपनी जान बचाई।


तेज आंधी के कारण जिला अस्पताल के सामने लगे बोर्ड उखड़ गए।

### वाहन हुए क्षतिग्रस्त, एस्बेस्टस शीट उड़ी

तुफानी हवाओं के कारण स्मार्ट सिटी सड़क और मुंगेली नाका चौक के पास पेड़ गिरने के कारण सड़क पर पार्क कार क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान सरजू बगीचा और करलबा रोड में दो घरों के छत पर लगाए गए एस्बेस्टस शीट हवा में उड़ गए, हालांकि इससे किसी को नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन आस पास के लोग डर गए। आंधी की चपेट में आने के कारण आउटर क्षेत्रों में बने घरों के दरवाजे तक टूट गए और कई घरों की दीवारो में टंगी फोटो और एल्बम गिर कर टूट गए।


सकरी रोड पर गिरा पेड़, घंटों लगा रहा जाम।

### डंगाल सड़कों पर पड़ी रही, रात भर नहीं आई बिजली

तुफान ने इस कदर तबाही मचाई कि सड़कों पर रात भर पेड़ों की डंगाल पड़ी रही, और बिजली शुरू नहीं हो सकी। बिजली कर्मचारियों ने इस दौरान भरकस कोशिश की लेकिन तुफान के कारण बिजली को काफी नुकसान हुआ। सरजू बगीचा, करबला, शेफर स्कूल रोड, तारबहार, अशोक नगर, सरकंडा, नेहरू नगर, मसानगंज, गोड़पारा, कोनी,लिंक रोड, स्मार्ट सिटी रोड, चांटीडीह जैसे जगहों पर पेड़ों की डंगाल गिरे, जिसके चलते इसे हटाने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, यही कारण है कि कई क्षेत्रों में रात भर बिजली नहीं आ सकी।


तिफरा विकास नगर में ट्रांसफार्मर बदलने पहुंचे कर्मचारी।

### सड़क किनारे गिरे पेड़ों की चपेट में आकर कार क्षतिग्रस्त

# 15 मिनट की तूफानी हवाओं ने बरपाया कहर घंटों रहा ब्लैक आउट, जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम के अलर्ट के बाद मंगलवार की शाम 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली तूफानी हवाओं ने शहर की रफ्तार को थाम दिया। करीब 5.30 बजे चली धूल भरी आंधी के कारण सड़क के एक ओर से दूसरी ओर दिखाई नहीं दे रहा था, वहीं आंधी के कमजोर पड़ते ही तेज बारिश होने लगी। जिससे यातायात थम गया। एक के बाद एक पेड़ धर्राशाही होते रहे और बिजली व्यवस्था चौपट हो गई। हालत यह रही कि कई इलाकों में रात तक बिजली नहीं पहुंच सकी। आंधी ने एक बार फिर बिजली कर्मचारियों की मुसीबत बढ़ा दी।

बेमौसम आंधी व बारिश ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। मंगलवार की शाम को अचानक आई आंधी ने किसी को संभलने का मौका नहीं दिया और अपनी जद में आने वाले हर चीज को निशाना बनाया। सबसे बड़ी बात यह है कि इसके निशाने में छोटे व बड़े पेड़ रहे जिसके चलते बिजली व्यवस्था ही ठप पड़ गई। बताया जा रहा है कि चक्रीय चक्रवात के कारण प्रदेश में मौसम का उलट फेर जारी है, जहां सुबह से ही धूप खिली रही वहीं शाम होते ही आंधी और बारिश का दौरान शुरू हो गया। आंधी के बाद करीब पौन घंटे तक बारिश होती रही, शुरूआत में जहां झमाझम बारिश देखी गई, वहीं 20 मिनट के बाद बुंदाबांदी जारी रही। इस दौरान शहर में घंटों ब्लैक आउट रही और सड़कों पर जाम लगता रहा है।

### मंगलवार की शाम आई आंधी ने लोगों की बढ़ाई तकलीफ



तेज आंधी के कारण जिला चिकित्सालय का बोर्ड उखड़कर गिरा।

### पारे में 6 डिग्री की कमी

सुबह से ही अधिकतम तापमान में कमी देखी गई, इस दौरान पारा सामान्य से 6.6 डिग्री कम रह, बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। इस दौरान बारिश ने काफी राहत दी, हालांकि सड़कों पर कचरा फैलने की वजह से लोगों को थोड़ी बहुत मुसीबत झेलनी पड़ी।



### यातायात थमा, घंटों जाम लगता रहा

तूफान के आगे हर कई थम गया, धूल भरी आंधी में वाहन चलाना लोगों के लिए खासी दिक्कतों भर था, ऐसे में लोगों ने सड़क पर गाड़ियों रोक कर दुकान और मकानों में छत तलाशते दिखे, इसके बाद शुरू हुई बारिश के कारण कई लोगों को भींगने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। महाराणा प्रताप चौक, प्रताप चौक, शनिचरी बाजार, जुना बिलासपुर, सकरी सड़क, सिटी मॉल, उस्लापुर ओवरब्रिज, सीपत चौक जैसे जगहों पर जाम लगा रहा। बारिश थमने के बाद ही लोगों ने अपने गंतव्य स्थान पर जाना सही समझा।

### रात भर पेट्रोलिंग रही जारी, घंटों अंधेरे में रहे लोग

# बिजली खंबे क्षतिग्रस्त, 33 केवी व एलटी की लाइन टूटी



तुफानी हवाओं ने बिजली विभाग की मुसीबत बढ़ा दी है, शाम 5 बजे से बंद बिजली आधी रात तक बहाल नहीं हो सकी। इस दौरान बिजली के खंबे गिरने के कारण लाइनों को चालू करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी, वहीं बिजली कर्मचारियों ने रात भर जागरण कर पेट्रोलिंग में व्यस्त रहे, ऐसे में कई क्षेत्रों में बिजली बहाल होने में काफी समय लग गया।

जिले में तुफानी हवाओं ने बिजली व्यवस्था को सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई है। इस दौरान मोपका 220 केवी सबस्टेशन के लाइन टूटने के कारण आधे शहर में बिजली व्यवस्था ठप रही, हालांकि जल्द ही इसके शुरू करने में अधिकारी व कर्मचारियों ने मेहनत की लेकिन शहर की बिजली सप्लाई को बहाल करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी है। हालत यह रही है कि कई क्षेत्रों में रात 12 बजे तक बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि करबला रोड, सिम्स चौक, अशोक नगर, बिरकोना जैसे क्षेत्रों में हवाओं की जद में आने के कारण बिजली खंबे टेढ़े हो गए, जिसके चलते बिजली बंद रही पड़ी, वहीं पेड़ व डंगाल गिरने के कारण विद्युत सप्लाई नार्मल नहीं की जा सकी। दरअसल बिना पेट्रोलिंग के सप्लाई शुरू करने पर सड़क पर करंट दौड़ने का खतरा बना रहता है, ऐसे में बिजली विभाग के अधिकारियों ने जोन वाइस पेट्रोलिंग कर बिजली सुधारी, जिसके चलते कई घरों में आधी रात बिजली सप्लाई नहीं हो सकी।

### फ्लैक्स बैनर ने बढ़ाई परेशानी

लिंक रोड, बसस्टैंड, शिव टाकिज चौक, गांधी चौक, महाराणा प्रताप चौक, तिफरा जैसे क्षेत्रों में एक साथ कई फ्लैक्स बैनर बिजली के ख्बे और तारों पर झुलते रहे, इसने निकालने के लिए बिजली विभाग को नगर निगम के क्रेन की जरूरत पड़ी। वहीं पीजीबीटी सबस्टेशन में ही फ्लैक्स फंस गया, जिसके चलते पूरे क्षेत्र की बिजली ठप हो गई, अधिकारियों ने 33 केवी लाइन की सप्लाई रोककर फ्लैक्स को हटाया और सप्लाई शुरू की।

### सुबह 11 बजे से रही बिजली बंद

बताया जा रहा है कि तिफरा विकास नगर, इंद्रपुरी, शांति नगर में सुबह 11 बजे से बिजली ठप रही, यहां ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसके चलते ट्रांसफार्मर बदलने की नौबत आई, शाम तक बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर का जुगाड़ कर लिया लेकिन इसके बाद आई आंधी और बारिश ने पूरा काम खराब कर दिया। इस दौरान तार टूटने के कारण बिजली सप्लाई बाधित रही, यही कारण है कि क्षेत्र में 24 घंटे से अधिक बिजली बंद रही।


।। जय माँ कर्मा ।।
।। जय माँ राजिम ।।
संत शिरोमणी भक्त माता कर्मा जयंती
एवं शपथ ग्रहण समारोह
में आप सभी का हार्दिक स्वागत अभिनंदन..
उदित साहू
अध्यक्ष
युवा प्रकोष्ठ नगर सरगांव
कृष्णा साहू
अध्यक्ष
तह. युवा प्रकोष्ठ साहू संघ सरगांव
परमानंद साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत सरगांव
गोविंद साहू
अध्यक्ष
तहसील साहू संघ, सरगांव
विनीत : तहसील साहू संघ सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### छात्र-छात्राओं ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय के गांधी चौक स्थित पुराने हाई कोर्ट परिसर में अवस्थित हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती संपन्न की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिवार के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं शांति के लिए प्रभु श्री हनुमान से प्रार्थना की। राम भक्त सूरज सिंह राजपूत ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को हमारे द्वारा यह भक्तिमय चालीसा पाठ एवं पूजन का आयोजन किया जाता है। इसमें छात्र सारांश सिंह, रुद्र पटेल, मनीष खूंटे, अमन, चेतन, दिव्यांशी, अभय, नीरज व अन्य शामिल रहे।

### सुशासन तिहार विश्वास का सशक्त माध्यम

**बिलासपुर।** सुशासन तिहार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ संवाद को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। राज्य में जनहित के कार्य और जन जन का सर्वांगीण विकास, हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में संवर रहा है। यह बातें बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने जोन क्रमांक 2 में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित समाधान शिविर में कही। तिफरा के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के आसंदी से विधायक श्री कौशिक ने कहा की प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिले और समस्याओं का समाधान हो इसके लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में उपस्थित महापौर पूजा विधानी ने कहा कि विष्णु सरकार में राज्य के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं,सभी वर्गों का निरंतर विकास हो रहा है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने बताया की जोन क्रमांक 2 के वार्ड 5,6,7,8,के लिए आयोजित इस शिविर में लगभग 125 आवेदन मिले है।

### डीपी शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**बिलासपुर।** द्वारिका प्रसाद शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भकुर्रा नवापारा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा में कक्षा दसवीं के 131 विद्यार्थी शामिल हुए। जिनमें 71 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से तथा 44 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिनमें से 8 ऐसे विद्यार्थी है जो 90% से अधिक अंक प्राप्त किएद्ध जिन में प्रथम शुभांगी मिश्रा 96.83% अंक, द्वितीय गौरव केवट 95 % तृतीय स्वामी पटेल 91.83% चतुर्थ स्वाति साहू 91.16% पंचम स्थान साहिल साहू 91% इसी तरह अनुभूति पटेल को 90.66% अनामिका पटेल को 90.50% तथा खुशबू साहू को 90% अंक प्राप्त हुए इस तरह से अंक अर्जित कर इन्होंने विद्यालय का नाम गर्वान्वित किया। कक्षा 12वीं में 130 विद्यार्थी शामिल हुए जिनमें प्रथम श्रेणी से 67 तथा द्वितीय श्रेणी से 49 विद्यार्थी सफल हुए प्रथम स्थान पर रूपेश साहू 94.60 % द्वितीय स्थान पर हिमांशु साहू 91.80% तृतीय स्थान नमिता पटेल 90.60% चतुर्थ स्थान पर अनिल यादव 90.40% के साथ सफल हुए। प्रशासन समिति की अध्यक्षा अरुणा शुक्ला, आलोक शुक्ला ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने शिकायतों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 103 आवेदन विभिन्न विषयों से संबंधित प्राप्त हुए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में राजस्व, आवास, पेयजल, अतिक्रमण, सामाजिक सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों की अधिकता रही। जनदर्शन में पचपेड़ी तहसील के ग्राम बिनौरी की बुजुर्ग तुलसीराम कुर्रे ने पीएम आवास योजना की स्वीकृत राशि में गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके नाम स्वीकृत 95 हजार रुपए की किश्त अन्य व्यक्ति के खाते में स्थानांतरित कर राशि का दुरुपयोग किया गया है। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को जांच कर राशि वापस दिलाने और दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। बेलतरा तहसील के बैमा गांव के ग्रामीणों ने मुक्तिधाम से अतिक्रमण हटाने संबंधी तहसीलदार के आदेश का पालन नहीं होने की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान भूमि से कब्जा हटाने में बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। कलेक्टर ने एसडीएम बिलासपुर को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम चनाडोंगरी के राजेश कुमार ने मजदूरी भुगतान लंबित होने की शिकायत दर्ज कराई।

**जंगल की सुरक्षा**

**शिवतराई से लेकर सभी मुख्य बेरियर पर निगरानी रखने के लिए लगाए सीसी कैमरे**

# एटीआर में आने-जाने वालों पर रहेगी तीसरी आंख की नजर

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के सुरही वन परिक्षेत्र के कोर जोन में अवैध रूप से घुसकर रात के समय गन लहराने वाली घटना के बाद प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। प्रबंधन ने शिवतराई से लेकर सभी मुख्य बेरियर में आनें-जाने वालों पर निगरानी रखने के लिए सीसी कैमरे लगाने के अलावा कर्मचारियों को चौबीस घंटे चौकस रहने का आदेश दिया है।



अचानकमार टाइगर रिजर्व में कुछ दिन पहले एक बहुत बड़ी घटना हो गई थी। यहां के कोर जोन में प्रवेश करने के लिए सैलानियों को पहले शिवतराई के बेरियर में रूकने के बाद अपनी गाड़ियों को छोड़कर जिप्सी में भ्रमण करने की अनुमति है, लेकिन लोरमी के रास्ते से जाकड़बांधा होते हुए कोर जोन के सुरही रेंज में प्रवेश के लिए बेरियर होने के बाद भी कुछ लोग बैरियर गार्ड की लापरवाही के कारण अंदर प्रवेश कर रहे थे। इस परिस्थिति में पिछले माह 27 दिसम्बर 2025 को चार युवक अपनी गाड़ी लेकर जाकड़बांधा बेरियर से सुरही रेंज में पहुंचे और वहां पहुंचकर बंदूक से फायरिंग करने के अलावा आग भी जलाई। इस घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए एटीआर प्रबंधन ने अब एक कड़ा नियम बना दिया है। इस नियम के तहत अब एटीआर के कोर और बफर जोन में लोग बिना अपनी जांच कराए अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। वहीं सभी बेरियरों पर सीसी कैमरे लगाए गए हैं, जिसमें आने-जाने वालों पर भी निगरानी रखी जा रही है। प्रबंधन का मुख्य फोकस जाकड़बांधा और सुरही रेंज में हैं, जहां कुछ दिन पहले फायरिंग की घटना हो चुकी है। एटीआर के अंदर अब तक न तो बिजली के करंट पहुंचे हैं और न ही मोबाइल के नेटवर्क पहुंच पाते हैं। प्रबंधन ने जाकड़बांधा और सुरही रेंज में बिजली की व्यवस्था के लिए 25 सोलर लाइटिंग क्रय किया है। इसके अलावा जाकड़बांधा और सुरही रेंज में सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं।

#### गाड़ियों की भी चेकिंग

एटीआर के कोर और बफर जोन के 19 गांव में बसे ग्रामीणों से मिलने के लिए पहले उनके रिश्तेदार भी आते थे, जो आसपास के गांव में या बाहर रहते थे। इन रिश्तेदारों की ग्रामीणों ने बेरियर में पहचान भी करा दी थी, जिसके कारण उन्हें बिना जांच के ही अंदर प्रवेश करने की अनुमति दे दी जाती थी। नए नियम के तहत ग्रामीण से मिलने वाले रिश्तेदारों के सामानों और उनकी गाड़ी की जांच व पूछताछ की जा रही है।

#### शाम 6 के बाद मार्केट बंद

अचानकमार टाइगर रिजर्व के अचानकमार और छपरवा सहित अन्य एरिया में सब्जी मार्केट और अन्य दुकानें लगती हैं। यहां पूर्व में मार्केट लगने का समय रात 9 बजे का था। इसे घटाकर अब शाम 6 बजे कर दिया गया है। स्थानीय समितियों और ग्रामीणों से भी इसके लिए सहयोग लिया जा रहा है, ताकि मार्केट में शाम को सूरज ढलने के बाद किसी भी अजनबी का प्रवेश न हो सके।

#### चौकीदार की उपस्थिति रोस्टर में

प्रबंधन के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व के बफर के अलावा कोर जोन में संरक्षण सुदृढ़ किया गया है, जिसमें पैदल गार्ड और अन्य कर्मचारी नियमित रूप से दिन और रात दो समय बेरियर से अंदर तक पेट्रोलिंग कर रहे हैं। वहीं चौकीदार की उपस्थिति के लिए रोस्टर भी बनाया गया है। एटीआर की जिप्सी से वाहन पेट्रोलिंग भी मुख्य रूप से अचानकमार जोन और सुरही जोन में कराई गई है।

#### सुरक्षा व्यवस्था में बढ़ोत्तरी

एटीआर के अंदर संरक्षण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़ा नियम बना दिया गया है। नियमित पेट्रोलिंग के साथ ग्रामीणों के अंदर प्रवेश करने से पहले भी जांच की जाएगी। वहीं रोटेशन के अनुसार सारे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के अलावा जिस स्थान पर अतिरिक्त बेरियर की आवश्यकता है वहां बेरियर लगाए जा रहे हैं। वहीं सीसी कैमरे से भी आने-जाने वालों पर निगरानी रखी जा रही है।

-**यूआर गणेश**,डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

# कटनी गेट के साथ ही टूटेगा यूटीएस काउंटर व एमएफसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ स्वीकृति के बाद रेल अफसरों ने शुरू किया निरीक्षण

रेलवे स्टेशन बिलासपुर के स्टेशन डेवलपमेंट में चार साल पहले 5 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए कटनी गेट के साथ अनारक्षित कार्यालय और मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स को भी डिस्मेंटल किया जाएगा। इस गेट को तोड़ने के बाद प्लेटफार्म नम्बर 7 और 8 तक आकर समाप्त होने वाली ट्रेनों के लिए लाइन बिछाने का काम होगा। जिसके बाद एक नई बिल्डिंग तैयार की जाएगी।



रेलवे बोर्ड ने पहले स्टेशन डेवलपमेंट कार्य के लिए एसईसीआर के रायपुर स्टेशन को 500 करोड़ रुपए और बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 465 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी थी। बोर्ड से आदेश मिलने के बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन में जोन और डिवीजन के अफसरों ने निरीक्षण करना शुरु कर दिया। इसके अलावा स्टेशन के लिए ड्राइंग डिजाइन भी तैयार की गई, जिसमें स्टेशन का स्वरूप एकदम अलग नजर आएगा। इस डिजाइन को बोर्ड से एप्रुवल भी मिल गया, लेकिन बोर्ड से मिली 465 करोड़ रुपए की राशि अचानक कम हो गई। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के डेवलपमेंट का काम 465 करोड़ रुपए में किया जाना था, वह कम होकर 392 करोड़ में आ गया। स्टेशन को बनाने का लिए अब तक केवल टेंडर प्रक्रिया ही पूरी हुई है, लेकिन काम की शुरुआत अब तक रेल प्रशासन ने नहीं की है। इस कार्य में पहले ब्रिटिश काल में बनी पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का निर्णय लिया गया था, जिसे शहरवासियों और जनप्रतिनिधियों के विरोध करने के बाद वापस ले लिया गया है।

इस बिल्डिंग को छोड़कर दूसरी एक ऐसी बिल्डिंग कटनी गेट नम्बर 1 पर बनाई गई है। तीन साल पहले रेल प्रशासन ने पुराने कटनी गेट को तोड़कर एक नया निर्माण कार्य किया था, जिसके लिए करीब 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई थी। पुरानी वीआईपी बिल्डिंग को तोड़ने का निर्णय तो वापस ले लिया गया है, लेकिन स्टेशन के विकास कार्य में 5 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई कटनी गेट और प्लेटफार्म को बलि चढ़ाने के साथ एमएफसी और अनारक्षित कार्यालय की बिल्डिंग को तोड़ने का निर्णय यथावत बना हुआ है। पूर्व में बने कटनी गेट की लंबाई और चौड़ाई कम होने के कारण नागपुर एफओबी के अलावा प्लेटफार्म नम्बर 7 और 8 से आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी।

#### शेड का निर्माण कार्य

मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स, अनारक्षित कार्यालय के अलावा कटनी की ओर बनाए गए गेट को तोड़ने का कार्य प्रोजेक्ट में शामिल है। इसे तोड़ने के उपरांत नई लाइन के साथ शेड का निर्माण कार्य किया जाएगा। वहीं जनरल टिकिट काउंटर नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगी।

-**अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### रेल मंडल में 501 लोगों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन किया प्रभावित

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर में करीब 5 सौ से अधिक लोगों ने बिना किसी वजह के चेन पुलिंग कर ट्रेनों को प्रभावित करने के साथ यात्रियों को भी परेशान किया। आरपीएफ ने सभी को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। यात्रियों को सुरक्षा और अचानक घटना से बचने के लिए रेल प्रशासन ने ट्रेनों के सभी कोच में अलार्म चेन पुलिंग की सुविधा देकर रखी है, ताकि यात्री इसका समय पर उपयोग कर सकें। यात्रियों की सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता के उद्देश्य से अलार्म चेन की सुविधा प्रदान करती है। कुछ यात्री इस सुविधा का दुरुपयोग करते हैं, जिससे केवल ट्रेनों की समय पर असर पड़ता है और यात्रियों के सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न होता है। कई बार यात्री रेलवे के चेन को जबरदस्ती खींचकर यात्रियों को परेशान भी करते हैं। इसे रोकने के लिए समय-समय पर जांच के दौरान कार्रवाई भी की जाती है। इसी तरह मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के मार्गदर्शन एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त सौरभ कुमार के नेतृत्व में मंडल की सुरक्षा और संचालन में व्यवधान को रोकने के लिए आरपीएफ ने चेन पुलिंग की घटना रोकने कठोर कदम उठाए हैं। जनवरी से अप्रैल तक के आंकड़ों के अनुसार मंडल में रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत अलार्म चेन पुलिंग के दुरुपयोग के करीब 501 मामले दर्ज किया गया है, जिसमें सभी लोगों को न्यायालय के माध्यम से 1 लाख 92 हजार रुपए का जुर्माना लेकर छोड़ा गया है। रेलवे के अनुसार अलार्म चेन पुलिंग करने के दौरान आरपीएफ की ओर से धारा 141 के तहत 1000 रुपए का जुर्माना एवं एक वर्ष का कारावास निर्धारित किया गया है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा से ही संभव है विकसित भारत का निर्माण



■ सीवीआरयू में राज्य स्तरीय शोध कार्यशाला

**बिलासपुर।** शोध आयाम छत्तीसगढ़ प्रांत और डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय शोध कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ में शोध आयाम द्वारा आयोजित अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा शैक्षणिक आयोजन था। इसका विषय रोल ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम इन द डेवलपमेंट ऑफ़ रिसर्च एरिया विषय तय किया गया था।

मुख्य अतिथि पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वी.के. सारस्वत ने कहा कि शोध केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। उन्होंने भारतीय दृष्टि से शोध को कार्यान्वित करने की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। जीजीयू के प्रो प्रवीण कुमार मिश्रा ने शोध की 'दृष्टि और दिशा' पर बल देते हुए शोधार्थियों को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया। डॉ. संतोष सोनी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य केवल चर्चा तक सीमित नहीं है। सत्रों के दौरान प्राप्त हुए निष्कर्षों और अभिनव शोध विचारों को संकलित कर एक विस्तृत किताब प्रकाशित की जाएगी।

#### नवाचार को मिल सकती है नई ऊंचाइयां: कुलपति

सीवीआरयू के कुलपति प्रोफेसर पी.के. घोष ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली हमारे अनुसंधान क्षेत्र के विकास की एक सशक्त आधारशिला है। इसमें निहित पारंपरिक ज्ञान, वैज्ञानिक दृष्टि और समग्र सोच आज के आधुनिक शोध को नई दिशा प्रदान करते हैं। यदि हम इसे समकालीन शोध पद्धतियों के साथ समन्वित करें, तो नवाचार और मौलिकता को नई ऊंचाइयाँ मिल सकती हैं। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने नई पीढ़ी की आवश्यकता के अनुरूप परिभाषित एवं प्रमाणित करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में युगांत वर्मा , महेश साकेत , डॉ. अमित बघेल, डॉ. शैलेश द्विवेदी, हिमांशु कौशिक, आराध्य तिवारी, शुभम पाठक, अरुणेंद्र पांडे और स्नेहा अग्रहरी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एलपीजी के बढ़ते दाम को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन



**बिलासपुर।** कमर्शियल इस्तेमाल वाले 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर के दामों में अभूतपूर्व 993 रुपए की बढ़ोतरी के विरोध में जिला शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने बताया की आजाद भारत के इतिहास में आज तक गैस की कीमतों में एकमुश्त इतनी बड़ी वृद्धि कभी नहीं हुई। दाम बढ़ाने से केवल एक सिलेंडर महंगा नहीं होता, बल्कि खाने की थाली महंगी होती है। 3100-3200 सिलेंडर की कीमत सभी के पहुंच से बाहर हो चुकी है। सरकार ने केवल 2026 भर में दामों में 1500 से अधिक की वृद्धि कर दी है। बेतहाशा वृद्धि एवं बढ़ती महंगाई के विरोध में सड़कों पर उतरकर आज नेहरू चौक पर एकदिवसीय जंगी विरोध प्रदर्शन किया। आज के कार्यक्रम में सिद्धांशु मिश्रा, महेंद्र गंगोत्री, सियाराम कौशिक, विजय पांडे, प्रमोद नायक, राजेंद्र शुक्ला, राजेंद्र साहू, जितेंद्र पांडे, शेख नजीरुद्दीन, राकेश शर्मा, पंकज सिंह, देवेंद्र सिंह, आदि शामिल थे।

### एनएसयूआई ने कुलपति को नारियल भेंटकर रजिस्ट्रार को हटाने की मांग की



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ और एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह के साथ पहुंचे छात्रों ने कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया को नारियल भेंटकर रजिस्ट्रार तारणिश गौतम को हटाने की मांग की है। छात्रों ने प्रशासनिक भवन के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और रिजल्ट में गड़बड़ी, अव्यवस्था समेत सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए। छात्रों का कहना है कि 4 मई को यूनिवर्सिटी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान चाकूबाजी और मारपीट जैसी गंभीर घटना हुई, जिसमें एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे 14 टांके लगाने पड़े। एनएसयूआई नेता रंजेश सिंह का आरोप है कि इतने बड़े आयोजन के बावजूद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्थानीय थाने को सूचना नहीं दी, आज के इस प्रदर्शन में एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह समेत पुष्पराज साहू, कर यादव, प्रदीप सिंह, राजा खान आदि शामिल थे।




**पांच सालों में लोगों को लव-जेहाद व नरसंहार से बचाया, ग्रामीणों को करेंगे जागरूक**

# बेटियों पर हो रहे अत्याचार से प्रेरित होकर शुरू किया वंदे मातरम संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पश्चिम बंगाल में हिंदू बेटियों के साथ बढ़ते अत्याचार और सामाजिक घटनाओं से व्यथित होकर वर्ष 2021 में एक नई पहल की शुरुआत की गई। बेटियों के साथ हो रहे अत्याचार से जुड़े वीडियो को देखने के बाद महेन्द्र जैन को समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत हुआ और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

इसी सोच के साथ 11 अगस्त 2021 को शासकीय कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय प्रतिनिधि रहे महेन्द्र जैन ने वंदे मातरम संगठन की स्थापना की। संगठन की पहली बैठक सुशील श्रीवास्तव के निवास में 13 सदस्य शामिल हुए। इसके बाद दूसरी बैठक में 8 सदस्य और तीसरी बैठक में 19 लोग जुड़े। धीरे-धीरे लोगों का समर्थन बढ़ता गया और संगठन का कारवां निरंतर आगे बढ़ता रहा। आज वंदे मातरम संगठन से हजारों की संख्या में लोग जुड़ चुके हैं। धार्मिक आयोजनों के तहत प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को हनुमान पाठ का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। संगठन के सदस्यों का कहना है कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों को एकजुट करने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अब इनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से जागरूक करने का है, हर माह एक बैठक होगी और लोगों को धर्म से जोड़कर उन्हें जागरूक किया जाएगा।



#### ग्रामीण क्षेत्रों में लगाएंगे स्वास्थ्य शिविर

भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ सेवा प्रदान करने हेतु स्वास्थ शिविर लगाने की योजना पर काम किया जा रहा है, श्री जैन ने कहा धर्मांतरण का एक बहुत बड़ा कारण ग्रामीणों के बीच जाकर स्वास्थ एवं शिक्षा के नाम पर सौदा करना एवं उनको सेवा के बदले धर्मांतरण कराना है।

#### इन कार्यों से लोगों को जोड़ा

सामाजिक समरसता के तहत हेमू नगर सफाई कर्मचारियों की बस्ती में हनुमान जी मंदिर निर्माण शहर के 51 मंदिरों में प्रति मंगलवार-शनिवार हनुमान चालीसा पाठ,बेटियों को आत्म निर्भर बनाने दंड प्रशिक्षण-कराटे प्रशिक्षण दलित बस्तियों एवं पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ शिविर,सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री सुनील देवधर सहित अनेक राष्ट्रीय स्तर के राष्ट्र वादी वक्ताओं के कार्यक्रम, अनेक बेटियों को लव जेहाद का शिकार होने से बचाया। धर्मांतरण रोकने के लिए पुलिस की सहायता से धर्मांतरण रोका। धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के लिए मुख्यमंत्री सहित सबंधित मंत्रियों को ज्ञापन देकर आंदोलन कर शासन पर दबाव बनाया। जरूरतमंदों को स्वास्थ एवं शादी विवाह में सहायता की वर्तमान में शहर में 5 शाखाएं, कोटा,रायपुर में वन्दे मातरम् मित्र मंडल की शाखाएं संचालित हैं।

## खबर संक्षेप

### संचिता ने दसवीं में 93 फीसदी अंक लाकर बढ़ाया मान



**मोपका।** ग्राम देवरी पंधी बिलासपुर निवासी संचिता राठौर पिता सत्यपाल राठौर माता सुशीला राठौर ने कक्षा दसवीं में 93.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर गांव एवं जिला का मान बढ़ाया है।

### 52 नग देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बोदरी।** एसपी रजनेश सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब



उत्पादन व परिवहन करने वालों के खिलाफ लगाताक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार 3 मई को चकरभाठा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि, एक व्यक्ति लाल रंग की दुपहिया सीजी 10 एएफ 2559 में अवैध रूप से अधिक मात्रा में देशी शराब लेकर ट्रांसपोर्ट नगर सिरगिट्टी की ओर से ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर उक्त दुपहिया को रोक कर जांच की एवं प्लास्टिक बोरी में रखी 52 नग देशी प्लेन शराब प्रत्येक जब्त की गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम कैलाश साहू पिता देवचरण साहू उम्र 25 वर्ष निवासी अचानकपुर वार्ड 5 थाना चकरभाठा बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया जब्त कर लिया एवं आबकारी एक्ट की धारा 34(2),47 के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## निधन

### बी. अरूणा कुमारी



**बिलासपुर।** महिमा नगर सिरगिट्टी बन्नाक चौक निवासी बी. अरुणा कुमारी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को उनके निवास से बन्नाक चौक सिरगिटटी स्थित मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे निकलेगी। वे बी रवि एवं बी रामकृष्ण की छोटी बहन थीं।

### बोधराम यादव



**बिलासपुर।** ग्राम नेवरा ( गनियारी) निवासी बोधराम यादव का निधन 5 मई को हो गया। वे 63 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे भानु यादव एवं गोलू यादव के पिता थे।

### अमोल बाई लहरे



**तखतपुर।** नगर के वार्ड क्र 5 निवासी अमोलबाई लहरे का 80 वर्ष का आयु में 5 मई को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार आजादपारा में मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक लहरे, मनोज लहरे, प्रदीप लहरे, राजेश लहरे, रेणु बाला जोशी की मां एवं नितिन, ऋषभ, प्रियेश, शुभम, श्रेयांश की दादी थीं।

### महेतरीन बाई



**मोपका।** बिलासपुर के ग्राम घुरू निवासी कृष्णकुमार सूर्यवंशी की माता महेतरीन बाई पति कृपाल सूर्यवंशी का उम्र 68 वर्ष की आयु में 2 मई को निधन हो गया। जिनका दशगात्र 11 मई को संपन्न होगा। वे अपने पीछे दो पुत्र, पुत्रवधू व नाती-पोते से भरा परिवार छोड़ गईं।

### 3 ट्रक लट्ठे जब्त, सवालों के घेरे में वन विभाग की कार्यप्रणाली

# एक हजार से ज्यादा सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा



मरवाही वनमंडल में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई का मामला एक बार फिर उजागर हुआ है। बताया जा रहा है कि, पंडरीपानी क्षेत्र में 1000 से ज्यादा सागौन पेड़ों की अवैध कटाई कर दी गई। हैरानी की बात यह है कि, इतनी बड़ी घटना के बाद अब जाकर वन विभाग की नींद खुली है। वन विभाग की टीम ने जब पंडरीपानी गांव में छापेमारी की, तो घर-घर से सागौन की लकड़ी बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में लकड़ी जब्त की गई है, जिससे साफ है कि यह कोई छोटा मामला नहीं, बल्कि संगठित तरीके से चल रहा एक बड़ा नेटवर्क हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से इस इलाके में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई जारी थी, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह धंधा फलता-फूलता रहा। वही विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की तस्करी, ग्रामीणों और लकड़ी कारोबारियों की सांठगांठ के बिना इतने बड़े पैमाने पर जिले में कतई नहीं हो सकती। खैर देर से ही सही, अब फिलहाल वन विभाग ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर कार्रवाई शुरू कर दी है, और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है। इसके पहले पीपरखूंटी में 122 पेड़ों की कटाई में 2 लोग निलंबित हो चुके हैं, लेकिन मामले में निष्क्रिय दोषी अधिकारियों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामला सामने आने के बाद रविवार की सुबह से लेकर मंगलवार को भी पंडरीपानी में सघन जांच अभियान जारी है। जांच में बड़े पैमाने पर सागौन के लट्ठे बरामद किए गए हैं, जिनमें से 3 ट्रक सागौन लट्ठे जब्त कर वन विभाग के ट्रक से ढुलवाकर डिपो पहुंचा दिए गए हैं। 102 हेक्टेयर में फैले इस सागौन प्लांटेशन के पास मौजूद तालाब नुमा डबरी में तस्करों द्वारा बड़ी मात्रा में छिपाए गए सागौन लट्ठे को भी जब्त किया गया है। गौरेला रेंज के पंडरीपानी बीट में सागौन के पेड़ों की जिस बेरहमी से अवैध कटाई हुई है, उसने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### दोषियों पर कार्रवाई होगीः सीसीएफ

मरवाही वनमंडल के पंडरीपानी बीट में हजारों सागौन पेड़ो की अवैध कटाई का मामला उजागर हो जाने के बाद सीसीएफ बिलासपुर ने मामला संज्ञान में लेकर तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। इस संबंध में बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज कुमार पांडे ने कहा कि, मरवाही वनमंडल के पंडरीपानी बीट में बड़े पैमाने पर सागौन पेड़ो की अवैध कटाई का मामला संज्ञान में आने के बाद उनके द्वारा बिलासपुर से उड़नदस्ता दल भेजा गया है, जो कि पंडरीपानी बीट में अवैध कटाई के ठूंठों की गिनती करने के साथ ही इस मामले की पूरी जांच रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा है कि, अवैध कटाई के मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

### नारंगी जंगल में अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर, 15 मकान ढहाए गए

मरवाही वन मंडल अंतर्गत कोरजा गांव के भैस-लोटी क्षेत्र में वन विभाग ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 मकानों को जमींदोज कर दिया। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में वन अमला और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने विरोध जताया और अपने घरों को बचाने की गुहार लगाई। वन विभाग के अनुसार, जिस जमीन पर ये मकान बनाए गए थे, वह 'नारंगी जंगल' क्षेत्र की वन भूमि है। विभाग का दावा है कि, इस क्षेत्र में पहले कीमती सागौन का प्लांटेशन था, जिसे नष्ट कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। कार्रवाई की अगुवाई मरवाही वन मंडल की डीएफओ ग्रीष्मी चांद ने की। उनके साथ रेंजर, डिप्टी रेंजर सहित बड़ी संख्या में वन कर्मचारी तैनात रहे। जैसे ही बुलडोजर मकानों की ओर बढ़ा, ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। महिलाएं और बच्चे रोते-बिलखते नजर आए और अधिकारियों से कार्रवाई रोकने की मांग करते रहे। ग्रामीणों का कहना है कि, वे लंबे समय से यहां निवास कर रहे हैं, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। वहीं वन विभाग का पक्ष है कि, यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई, बल्कि पिछले नौ महीनों से संबंधित परिवारों को लगातार नोटिस जारी किए जा रहे थे। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर विभाग को मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। इधर, इस मामले में एक बड़ा सवाल भी उठ रहा है कि वन भूमि पर बने इन मकानों के लिए पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जियो-टैगिंग और अनुमति कैसे दी गई। यह पहलू अब जांच का विषय बन गया है।





## सदैव हमारे साथ चलते हैं कर्म व संस्कार

**मस्तूरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कोटमीसुनार द्वारा आयोजित 7 दिवसीय 'लक्ष्य' बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ सोमवार को भाठापारा , प्रभु-दर्शन भवन में अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। शिविर के पहले दिन बच्चों में आशातित उत्साह देखने को मिला। इसके पश्चात बच्चों को शिविर के उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई।

ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि "हम केवल शरीर नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली आत्मा हैं," और राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति एवं एकाग्रता प्राप्त करने के सरल अभ्यास कराए।गीता श्लोक स्मरण एवं ध्यान एवं एकाग्रता बढ़ाने के लिए विशेष गतिविधियाँ कराईं गईं जिससे बच्चों ने मन को शांत रखने के महत्व को समझा। साथ ही बच्चों को म्यूजिकल एक्सरसाइज एवं योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। बच्चों ने खेल-खेल में योग का भरपूर आनंद लिया। शिविर के प्रथम दिन ही बच्चों को नैतिक शिक्षा, अच्छे संस्कार एवं अनुशासन का महत्व समझाया गया। साथ ही रोचक कहानी एक राजा की चार रानी के माध्यम से उन्हें जीवन मूल्यों की प्रेरणा दी गई।पहली रानी जिसे राजा सबसे ज्यादा महत्व देता वह, दूसरी रानी राजा कही भी बाहर जाता तो उसे साथ जरूर ले जाता, तीसरी रानी से कभी कभी मिलता परन्तु चौथी रानी को कभी याद ही नहीं करता था,आत्मा राजा के भी चार रानी क्रमशः हमारा शरीर , धन सम्पत्ती, मित्र सम्बन्धी और चौथा कर्म, हमारे संस्कार जिसे हम जीवन भर ध्यान नहीं देते परन्तु वह हमारे साथ जाता हैं, विस्तार व सरल रूप से इसे समझाया। शशिप्रभा दीदी ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में भी विभिन्न रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### पार्टी की जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**बिलासपुर।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर वार्ड नंबर 2 सकरी में भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बीआर महोबिया, पार्षद दिलीप कोरी, जिला मंत्री राजकमल साहू, लक्ष्मी साहू, भुवनेश्वरी महोबिया, मंगला पांडे, दौलत रजक, अमर गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अम्बर तिवारी, संतोष सोनी, राकेश अग्रवाल, हरीश साहू, ज्ञान साहू, जितेंद्र सूर्यवंशी आदि समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गांव लौटने पर सेवानिवृत्त फौजी का स्वागत



**मस्तूरी।** देश सेवा कर लौटे जवानों का स्वागत किस तरह किया जाता है, इसकी एक खूबसूरत मिसाल आज मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम कोसमडीह में देखने को मिली। गांव के बेटे सूबेदार प्रेम सागर भारतीय सेना में 24 साल की सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होकर शनिवार सुबह को अपने गृह ग्राम लौटे, तो पूरा गांव खुशी से झूम उठा। ग्रामवासियों ने पहले से ही तैयारी कर रखी थी। गांव के प्रवेश द्वार पर फूल-मालाओं, तिरंगे और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ उनका स्वागत किया गया। स्वागत जुलूस में डीजे की धुन पर देशभक्ति गीत बजते रहे और युवा तिरंगा लहराते हुए नाचते नजर आए। सरपंच ने बताया कि, प्रेम सागर हमारे गांव का गौरव है। जम्मू-कश्मीर से लेकर नॉर्थ-ईस्ट तक तैनात रहकर इसने देश की सेवा की। आज जब ये वापस आया है तो पूरे गांव के लिए उत्सव का दिन है। सेवानिवृत्त फौजी प्रेम सागर ने कहा, सेना में रहकर देश की सेवा करना मेरा सौभाग्य था। आज अपने गांव लौटकर जो प्यार मिला, उससे आंखें नम हो गईं। मैं गांव के बच्चों को सेना में जाने के लिए प्रेरित करूंगा। डीजे के साथ निकला स्वागत जुलूस कोसमडीह मुख्य मार्ग से होते हुए रमेश के घर तक पहुंचा। रास्ते भर महिलाओं ने आरती उतारी और बच्चों ने फूल बरसाए। घर पहुंचने पर परिवार ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। ग्रामीण सुलेन्द्र

### बीसी क्रिकेट के फाइनल में गनियारी ने फरहदा को हराया



**मोपका।** बीसीसी क्रिकेट क्लब बहतराई के तत्वावधान में बेलतरा विधानसभा पंचायत स्तरीय प्रीमियर लीग रात्री कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इसमें 16 टीम भाग लेकर अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

निखिल आश्रम के सामने बने मैदान में 3 मई को सेमीफाइनल तथा फाइनल में खेला गया। जहां प्रथम मैच तीसरा और चौथा स्थान के लिए बैमा एवं गौतोरा के बीच खेला गया जिसमें कड़ा मुकाबला में बैमा ने गतौरा को हराया तथा वही फाइनल मुकाबला गनियारी एवं फरहदा के बीच खेला गया। जिसमें गनियारी ने मैच जीत कर ट्रॉफी अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय केसरवानी थे। जिन्होंने खिलाड़ियों को कहा कि इस प्रतियोगिता से खेल भावना दिखती है। कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू (डब्बू) ने कहा कि हमें खेल मन मस्तिष्क को ताजा रखता है। संचालन सुरेंद्र व आभार पार्षद सुनील सोनकर ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में धनंजय सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेश अध्यक्ष बेलतरा, बालकरण विश्वकर्मा पार्षद शहडोल, शिल्पी तिवारी, सुधांशु मिश्रा, साखान दर्वे, अंकित प्रजापति, रामप्रसाद यादव, तथा बोला राम साहू थे। देर रात तक चले समापन पर बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। आयोजन में प्रथम हॉस्पिटल गीतांजलि सिटी के डायरेक्टर एवं मनीराम ध्रुव विरेन साहू धरम वीर साहू तथा डॉ संजय साहू का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगियों को सफल बनाने में आयोजन पार्षद सुनील सोनकर दुर्गेश यादव, महेंद्र यादव, योगेश, लव साहू, छोटकु राम साहू, दुर्गेश साहू, हरि वर्मा, शिव यादव व उमेश यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## सोंठी शिविर में 66 आवेदनों का मौके पर निराकरण



**सीपत/खम्हरिया।** शासकीय हाई स्कूल प्रांगण सोंठी में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 144 आवेदनों में से 66 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समयसीमा निर्धारित की गई। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती सोनवानी, जनपद सदस्य लक्ष्मीन पोर्ते, सरपंच सोंठी नीमा वस्त्रकार, एसडीएम शिवकुमार कंवर, सीईओ मस्तुरी जेआर भगत, राज्यवर्धन कौशिक, नंदनी साहू, दीपक शर्मा, अभिलेष यादव, बबीता पाटनवार, घनश्याम सिंह ठाकुर, नागेश्वर सिंह ठाकुर, रामफल धीवर, मदन पाटनवार, धनसाय जगत, हथेश्वर सिंह ठाकुर, नारायण साहू, मूलचंद पटेल, फिरत अनंत, टीकाराम चंद्राकर, कांशीराम जायसवाल, बलराम पाटनवार, कुलेश्वर पाटनवार एवं गीता आदि मौजूद थे।

## मौसम का बदला मिजाज, जनजीवन प्रभावित



**मुंगेली।** क्षेत्र में मंगलवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर तक जहां तेज धूप और गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी, वहीं शाम होते-होते आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते मौसम ने उग्र रूप ले लिया। तेज आंधी और तूफान के साथ बारिश हुई। जिससे सामान्य जनजीवन भी बुरी तरह से प्रभावित रहा।

इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। लगभग 2 घंटे बिजली बंद रही। दोपहर में तेज धूप के पश्चात शाम 5 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। शाम पांच बजे के बाद आई तेज आंधी की वजह से क्षेत्रवासी काफी परेशान रहे। देखते ही देखते पूरा शहर तेज हवा से घिर गया। अचानक मौसम बदलने और तेज हवा चलने से कई क्षेत्रें में बिजली गुल हो गई। इसका सबसे ज्यादा असर शहर के बाहर एवं पेड़-पौधों पर ही इसका असर हुआ। रायपुर रोड में पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई। उल्लेखनीय है कि, 30 अप्रैल को भी तेज हवाओं के चलते एसएनजी कॉलेज के पास बड़े–बड़े पेड़ गिर गए थे, जिससे यातायात एवं बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई थी। तेज हवा चलने के कारण लोग जहां थे, वहीं रुक गए। थोड़ी देर पश्चात बारिश हुई, और धूल आने–जाने वालों के आंख में जाती रही। तेज हवाओं से बचने के लिए लोग इधर-उधर शरण लेते रहे। विद्युत व्यवस्था 2 घंटे तक ठप्प रही। तापमान में गिरावट आने से तेज गर्मी से जरूर राहत मिली। पिछले एक सप्ताह से गर्मी बढ़ने के साथ ही सुबह से ही तापमान में वृद्धि हो जाती है। बीच-बीच में बादल की आंख मिचौली के कारण उमस में भी वृद्धि हो गई है। बादलों की आवाजाही के चलते शाम में तापमान में कुछ दिन गिरावट दर्ज किया गया। इस दौरान जिले के कुछ हिस्सों में बारिश भी हुई। तापमान में कमी होने के कारण कुछ दिन लोगों को राहत मिली। पिछले तीन दिनों से दिन भर तेज धूप फिर बादल और तापमान में परिवर्तन यही कुछ दिनों से तापमान लगातार बार-बार देखने को मिल रहा है। बारिश बंद होने के पश्चात उमस से लोग परेशान होते रहे।

## साहित्य अकादमी ने किया सरपंच सुनीता का सम्मान



**मस्तूरी।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी द्वारा वार्षिकोत्सव, विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर चंद्रभूषण वाजपेई, डॉक्टर विनय कुमार पाठक अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में ग्राम पंचायत मस्तूरी की सरपंच सुनीता विनोद सारथी को जन सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। सरपंच सुनीता सारथी ने प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी के प्रति कृतज्ञता जाहिर की है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना/ स्थल जाँच**

प्रति, 1. निशा पहाड़ी पिता संतोष पहाड़ी 2. हिमालया डेवलपर्स द्वारा राजेश अग्रवाल वगै. 3. नरेश पाण्डेय वगै. 4. गायत्री मानिकपुरी 5. संबंधित अन्य 6. दैनिक समाचार पत्र 7. NHAI बिलासपुर 8. गोविन्द इन्फ्रा द्वारा अखिलेश अग्रवाल
विषयः- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 01.04.2025
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम सकरी म.नं. 1 प.ह.न. 45 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 310/3/क रकबा 0.0120 एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी निशा पहाड़ी पिता/ पति संतोष पहाड़ी के द्वारा सीमांकन का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 08/05/2026 को समय सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक किया जावेगा।
अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।
टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।
राजस्व निरीक्षक, सकरी

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना/ स्थल जाँच**

प्रति, 1. नरेश पाण्डेय कुमार पाण्डेय पिता स्व. रामरतन 2. निशा पहाड़ी पिता संतोष पहाड़ी 3. हिमालया डेवलपर्स द्वारा राजेश अग्रवाल वगै. 4. गायत्री मानिकपुरी 5. संबंधित अन्य 6. दैनिक समाचार पत्र 7. NHAI बिलासपुर 8. गोविन्द इन्फ्रा द्वारा अखिलेश अग्रवाल
विषयः- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 01.04.2025
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम सकरी म.नं. 1 प.ह.न. 45 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 310/1, 310/2 रकबा 0.4292, 0.1090 एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी नरेश पाण्डेय कुमार वगै. पिता/ पति स्व. रामरतन के द्वारा सीमांकन का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 08/05/2026 को समय सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक किया जावेगा।
अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।
टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।
राजस्व निरीक्षक, सकरी

**शपथपत्र**

शपथकर्ता ललिता ठाकुर, उम्र 75 वर्ष, पति बिशन सिंह, पिता आशाराम ठाकुर, निवासी नया पारा धरमपुरा, तहसील मुंगेली, छत्तीसगढ़ की/का निवासी हूँ, जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती/करता हूँ कि–
यह कि मेरे द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा तखतपुर में दिनांक 07/07/2011 को राशि रू. 8000/–, रू. 10320/– तथा राशि रू. 4856/–, तथा दिनांक 14/06/2012 को राशि रू. 6000/–, तथा दिनांक 01/07/2008 को राशि रू. 7500/– का टर्म डिपॉजिट कराया गया था। जिनके संबंधित कागजातों पर मेरा नाम ललिता बाई एवं ललिता बाई ठाकुर तथा पिता का नाम आशा राम अंकित है। यह कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड संख्या 3954 5066 6298 पर मेरा नाम ललिता ठाकुर दर्ज है, किन्तु अंग्रेजी स्पेलिंग में मेरा नाम LKALITA THAKUR अंकित है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि ललिता बाई, ललिता बाई ठाकुर एवं ललिता ठाकुर ये सभी नाम मेरे ही हैं। किसी प्रकार की कोई असमानता पाए जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की रहेगी। यह कि उक्त शपथपत्र उक्त टर्म डिपॉजिट परिपक्व होने पर उक्त जमा निधि को प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है तथा ललिता बाई, ललिता बाई ठाकुर पति बिशन सिंह, बिशन सिंह ठाकुर दोनों नाम मेरे ही होने की पुष्टि के समर्थन में यह शपथपत्र निष्पादित कर रही हूँ। मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती/करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की समस्त बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही हैं।
स्थानः तखतपुर
दिनांकः 22/04/2026

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ब–121/2025–26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन गुप्ता पिता श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जाति गुप्ता निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र सागर गुप्ता पिता श्री पवन गुप्ता के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 14/05/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/04/2026 को जारी किया जाता है।
तहसीलदार, तखतपुर

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 22/04/26
ग्राम जूना बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36. रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सौरभ करोसिया पिता कमलनारायण निवासी कस्तूरबा नगर ग्राम जूना बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा शिशु/स्वंय सौरभ करोसिया के जन्म/मृत्यु दिनांक 25/11/1997 का का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने 07/05/26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 07/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र./अ–6 अ/2025–26
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरु प.ह.न. 61 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती इन्द्रानी सोनी उम्र 51 वर्ष पति गणेश सोनी जाति सोनार निवासी वार्ड क्र. 05 यादव नगर, बाजार चौक तिफरा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा लेख किया है कि ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.म. व तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 113/3 कुल रकबा 0.1250 हे. भूमि मे से 0.0212हे./2280 वर्गफुट आवेदिका द्वारा अनावेदक वासुदेव पिता गणेश कुमार निवासी घुरू तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. से कृषि भूमि क्रय कि गई है। यह कि आवेदिका द्वारा पूर्व में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया था। यह कि आवेदिका के पक्ष में जारी नामांतरण आदेश क्रमांक CG484808203112021034 दिनांक 04.12.2021 के परिपालन में संबंधित ह.प. के द्वारा आवेदिका के नाम पर खसरा नं. 113/11 रकबा 0.0209 हे. भूमि दर्ज कर त्रुटिपूर्ण रिकार्ड दुरूस्त किया गया जो कि नामांतरण आदेश के विपरीत है। अतः उक्त भूमि के संबंध में पूर्व में जारी नामांतरण के अनुसार आवेदिका के नाम पर खसरा संख्या 113/11 रकबा 0.0212 हे. / 2280 वर्गफीट भूमि दर्ज कराने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।
इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 11.05.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 29.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
तहसीलदार, सकरी

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूँ कि भूमि स्वामी मदनलाल देवांगन पिता बाबूलाल देवांगन जि. जूना बिलासपुर कृष्णा नगर वार्ड बिलासपुर (छ.ग.) के हक स्वामित्व व कब्जे की भूमि मौजा – खमतराई प.ह.नं–25 रा. नि.म. बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर ख.नं.561/57 रकबा 0.0290 हे. क्षेत्रफल –3200 व.फु. स्थित है। को पुत्र रितेश देवांगन पिता मदन लाल देवांगन नि.कृष्णा नगर जूना बिलासपुर से मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा की गई है जिसका निकट भविष्य में पंजीयन होना है। इस सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हैं तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करे। 07 दिवस के बाद की आपति मान्य नहीं होगी व मेरा पक्षकार अपने पक्ष में पंजीयन निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।
सो सूचना जाने।
दिनाँक 05–05–2026
भवदीय
ललित विश्वकर्मा
(अधिवक्ता)
मो.9340363261, 7000599198

**समक्षः- श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पेण्ड्रारोड, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

**शपथपत्र**

मैं अंजोर सिंह श्रोते पिता स्व. श्री बाबूलाल श्रोते उम्र 62 वर्ष, जाति गोड़ निवासी ग्राम चंगोरी, तहसील अकलतरा, जिला जाँजगीर–चांपा (छ०ग०) का हूँ जो नीचे लिखे कथन शपथपूर्वक करता हूँ–
1. यह कि मैं उक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि, मेरा नाम व पता सकूनत उपरोक्तानुसार है।
3. यह कि, मेरे आधार कार्ड, अंक सूची एवं सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अंजोर सिंह श्रोते दर्ज है किन्तु मेरे सेवा पुस्तिका के प्रथम पृष्ट में लिपकीय त्रुटी के करण मेरा नाम अंजोर सिंह श्रोते के स्थान पर अंजोर सिंह सुरोते दर्ज हो गया है।
4. यह कि, मेरे आधार कार्ड, अंक सूची एवं अन्य दस्तावेजों में जो नाम अंजोर सिंह श्रोते दर्ज है वह सत्य एवं सही है
5. यह कि, मैं अपने सेवा पुस्तिका के प्रथम पृष्टि में उल्लेखित अंजोर सिंह सुरोते को सुधारकर अंजोर सिंह श्रोते दर्ज कराना चाहता हूँ।
6. यह कि, मैं यह शपथपत्र उक्त समस्त बातों की जानकारी के समर्थन में निष्पादित कर रहा हूँ।
7. यह कि, उपनाम परिवर्तन के संबंध मे छ.ग. शासन के राजपत्र मे प्रकाशन कराना चाहता हूँ जिसके समर्थन मे शपथपत्र आपके समक्ष सादर प्रस्तुत है।
8. यह कि मेरे द्वारा किसी भी तथ्य को नही छिपाया गया है यदि भविष्य में गलत जानकारी पायी जाती है तो उसकी जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी। उक्त आशय के संबंध में शपथपत्र प्रस्तुत है।
अंजोर सिंह श्रोते
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं अंजोर सिंह श्रोते पिता स्व. श्री बाबूलाल श्रोते उम्र 62 वर्ष, जाति गोड़ निवासी ग्राम चंगोरी, तहसील अकलतरा, जिला जाँजगीर–चांपा (छ०ग०) उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से लेकर 08 तक में लिखी समस्त बातें सत्य वह सही है जिसे आज दिनांक 17.03.2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।
अंजोर सिंह श्रोते
शपथकर्ता

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 6 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




महासम्मेलन

## बिलासपुर की प्रतिभाओं ने माउंट आबू में बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान





बिलासपुर। ब्रह्माकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू स्थित ज्ञान सरोवर में आयोजित मीडिया महासम्मेलन में देशभर के साथ-साथ बिलासपुर की प्रतिभाओं ने भी प्रभावशाली सहभागिता दर्ज कराई। छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए बीके मंजू दीदी ने जहां उद्घाटन सत्र का कुशल संचालन किया, वहीं बिलासपुर की सांस्कृतिक प्रतिभा कुमारी नीता ने अपने स्वागत नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बिलासपुर से जुड़ी अन्य सहयोगी बहनों बीके पूर्णिमा, बीके ईश्वरी और बीके तृषा ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इन सभी ने मिलकर न केवल छत्तीसगढ़ की उपस्थिति को सशक्त किया, बल्कि आध्यात्मिकता और मीडिया के समन्वय का संदेश भी प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। महासम्मेलन में मीडिया की भूमिका, वैश्विक शांति और सकारात्मक पत्रकारिता जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने मीडिया को केवल सूचना का माध्यम न मानकर समाज को दिशा देने वाला सशक्त मंच बताया। बिलासपुर की टीम की सक्रियता और समर्पण ने यह स्पष्ट कर दिया कि छत्तीसगढ़ भी आध्यात्मिक और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। उनकी भागीदारी ने पूरे आयोजन में एक अलग ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।

आयोजन

## जौहरी की जयंती, वर्मा की पुण्यतिथि पर किया स्मरण



बिलासपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा 3 मई को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर स्व. छोटेलाल सिंह जौहरी की 100वीं जयंती और स्व. श्यामानंद वर्मा की 26वीं पुण्यतिथि पर नमन किया गया। वक्ताओं ने दोनों सेनानियों के 1942 आंदोलन में योगदान और उनके बलिदान को याद करते हुए युवाओं को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. शकुंतला जितपुरे, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, अनिल तिवारी, अशोक रंजन वर्मा, राकेश जैन, कुमुद वर्मा सहित अनेक सेनानी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वंदे मातरम् उद्यान में नाम पट्टिकाओं के स्थायी सुधार की मांग को लेकर विधायक अमर अग्रवाल को ज्ञापन भी सौंपा गया। संयोजक ने बताया कि संगठन की अगली बैठक 7 जून को प्रातः 10 बजे गोड़पारा स्थित राव निवास में ध्वजारोहण के साथ आयोजित की जाएगी।

धर्म-क्षेत्र

## मरीमाई माता उत्सव में माता का आकर्षक स्वरूप में पूजन

बिलासपुर। श्री मरीमाई माता पूजा उत्सव समिति द्वारा कंस्ट्रक्शन कालोनी में गर्मी में होने वाले श्री सोलापुरी माताजी का धार्मिक अनुष्ठान काली नृत्य के साथ चल रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में आस पास के



भक्तजन शामिल होकर माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किये हैं जिसमें अधिकांश महिलाऐं थी। समिति के पदाधिकारीगण बी ईश्वर राव एवं के रवि ने बताया कि मंगलवार के त्रिपुर सुंदरी मरीमाई माताजी एवं मुच्छाअलम्मा का आकर्षक स्वरूप गीली हल्दी से खड़गपुर से आये पुजारी के सुधाकर राव द्वारा बनाया गया है। माताजी के आकर्षक प्रतिमा बनाने के लिए मुख्य रूप से गीली हल्दी का उपयोग किया जाता है। संध्या के धार्मिक अनुष्ठान के लिए जो माताजी के आकर्षक स्वरूप को निर्मित करने के लिए खड़गपुर से लाये गए मिट्टी के घड़े के ऊपर गीली हल्दी का लेप चढ़ाकर पुजारी द्वारा माताजी का आकर्षक स्वरूप बनाया जाता है। आकर्षक स्वरूप बनाने के बाद माताजी का पूजा पाठ अर्चना दक्षिण पद्धति में करने के बाद महाआरती की जाती है। संध्या में बने स्वरूप को दूसरे दिन सुबह पूजा अर्चना आरती के बाद दोपहर को माताजी का एक और आकर्षक स्वरूप बनाने के लिए पहले दिन के स्वरूप के गीला हल्दी को उतार दिया जाता है।

कार्यक्रम

## कृषि नवाचार की जानकारी देने जागरूकता रथ को हरी झंडी



बिलासपुर। खरीफ सीजन से पहले किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, शासकीय योजनाओं एवं कृषि नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा संचालित "विकसित कृषि संकल्प अभियान-2026" का जिले में आज शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी और कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, उप संचालक कृषि पी.डी. हथेश्वर सहित अधिकारी एवं किसान मौजूद रहे। यह अभियान 5 मई से 20 मई तक सुशासन शिविरों और जिले के सभी विकासखंडों और ग्रामों में संचालित होगा। अभियान के तहत किसानों को धान की उन्नत खेती पद्धतियों जैसे लाइन सॉइंग, डीएसआर और रिज-फरो पद्धति की जानकारी दी जाएगी। साथ ही दलहन, तिलहन, मक्का एवं लघु धान्य जैसी वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार का कहना है कि आज लालच, भय, धोखे से धर्मांतरण हो रहा है। सरकार ने धर्मांतरण रोकने मजबूत कानून बना लिया है। आने वाले समय में यह लागू होगा। उम्मीद है कि यह काफी प्रभावी होगा। समाज के बच्चों को अपने धर्म, संस्कृति से अवगत कराते हुए उन्हें संस्कारवान बनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज में समरसता का विचार रखने संकल्प लेना होगा।

# समाज में समरसता का विचार रखने लेना होगा संकल्प : आलोक

## धर्मांतरण एक कुचक्र धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम विषय पर प्रबुद्ध जन गोष्ठी






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में धर्मांतरण एक कुचक्र धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम विषय पर मंगलवार को आयोजित प्रबुद्ध जन गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने बताया कि जिसे धर्मांतरण कराना या होना है उन्हें 30 दिन पहले कलेक्टर को सूचना देनी होगी। लालच, भय से धर्मांतरण रहेगा तो अनुमति नहीं दी जाएगी। सारे प्रदेश की एक वेबसाइट होगी। कलेक्टर को सूचना नहीं देने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने अपेक्षा जताई कि यह कानून हमारे समाज के लिए काफी सहायक होगा। उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक करने हर ब्लाक में कार्यकर्ता देंगे और घर वापसी को तेज करेंगे। आज भी हिंदू 80 प्रतिशत हैं, इसलिए आज की चुनौतियां क्या है, इस पर विचार करना होगा। नागालैंड, मिजोरम, उत्तर पूर्व के बाकी राज्य देश के हिस्से हैं। यहां हिंदू बहुमत में नहीं है। इससे बचने धर्मांतरण को रोकना होगा। गुरुतेग बहादुर के तीन शिष्यों को दूसरा धर्म ग्रहण करने से इंकार करने पर अलग-अलग तरह से तड़पा-तड़पा कर मारा गया। यह सब उन्हें अपने धर्म की रक्षा करने सहना पड़ा था। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन संदीप गुप्ता ने किया। गोष्ठी का समापन वंदेमातरम के सामूहिक गान से हुआ।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर नगर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, महापौर पूजा विधानी, पूर्व सांसद लखन साहू, पूर्व महापौर किशोर राय, विहिप के जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, डॉ विनोद तिवारी, राकेश, विकास, विक्रांत, राजकुमार सचदेव, रामधन रजक, प्रदीप शर्मा, बसंत अंचल, प्रफुल शर्मा, हरि बुधिया, गणपति राय, दिलीप शर्मा, डॉ आरए शर्मा, कैलाश गुप्ता, दीपक सिंह, कमल सोनी, आचार्य दुबे, आर्य समाज से सुधीर राकेश गोयल, कमलिनी, सोनल अग्रवाल, केके साव, गौरव धनकर सहित विहिप के कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### राम-सीता को हर हिंदू के दिलों में बसाया : अग्रवाल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योगपति रामावतार अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हिंदू धर्म व समाज में जागरूकता आती है। आज विहिप, आरएसएस जैसे संगठनों के चलते हिंदू धर्म बचा है। धर्मांतरण रूका है। अयोध्या में राम मंदिर बना कर राम-सीता को हर हिंदू के दिलों में बसाया है। इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है।

### हम सब एक हैं, एक रहेंगे : जोशी

कार्यक्रम में उपस्थित सतनाम समाज के राम जोशी ने कहा कि हम भले ही सतनामी समाज से हैं पर हिंदुस्तान में रहते हैं तो अपने को हिंदू मानते हैं। हम सब एक हैं,एक रहेंगे। हम सभी को आपसी भाईचारे के साथ रहना है। समाज को संजो कर रखना है।

### धर्मांतरण को देखें समाधान की दृष्टि से : शिव

अध्यक्षता कर रहे अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज धर्मांतरण काफी समस्या बन गई है। यह काफी चिंतन का विषय है। समाधान की दृष्टि से इस समस्या को देखना होगा। उन्होंने अपने गुरु ब्रह्मलीन स्वामी शारदानंद सरस्वती को याद करते हुए बताया कि केंदई आश्रम के माध्यम से धर्मांतरण रोकने काफी प्रयास किया गया। छोटे-छोटे गांव में शिव मंदिर बनवाए गए। वनवासियों के सामूहिक विवाह करवाए गए। इससे धर्मांतरण पर काफी हद तक रोक लगी और आज वे सभी एक परिवार बन गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसी पवित्र भूमि में जन्म लेना व हिंदू धर्म से होना गर्व की बात है। विहिप के अशोक सिंघल का जीवन व संकल्प आज भी प्रेरणादायी है। हमारी पहचान हमारी संस्कृति से है।

# ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर हनुमान मंदिरों में की गई पूजा





बिलासपुर। हर वर्ष ज्येष्ठ माह में आने वाला मंगलवार का विशेष महत्व होता है, जिसे बड़ा मंगल भी कहा जाता है। बड़े मंगलवार को हनुमान जी की विशेष रूप से पूजा-आराधना करने का विधान होता है। इस वर्ष ज्येष्ठ माह में 4 के बजाय 8 बड़ा मंगल पड़ने वाला है क्योंकि अधिकमास होने के कारण ज्येष्ठ माह एक के बजाय दो माह का होगा। ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल 5 मई को होने से हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाला बड़ा मंगल के बारे में पौराणिक कथाओं में उल्लेख मिलता है। धार्मिक कथाओं के अनुसार, ऐसी मान्यता है भगवान राम और हनुमानजी की पहली मुलाकात ज्येष्ठ माह के मंगलवार के दिन हुई थी। कथा के अनुसार, हनुमान जी ने भगवान राम की परीक्षा के लिए एक बुढ़े ऋषि का रूप धारण किया था, इस घटना को ही बुढ़वा मंगल कहा जाता है। वहीं एक दूसरी कथा महाभारत काल की है, जब भीम को अपनी ताकत पर बड़ा घमंड हो गया था तब हनुमान जी ने एक बूढ़ें वानर का रूप धारण कर उनके अहंकार को तोड़ा था। तभी से हर वर्ष ज्येष्ठ माह में आने वाला मंगल को बुढ़वा मंगल के नाम से भी जाना जाता है।

### इस बार 8 बड़ा मंगलवार पड़ेगा

जूना बिलासपुर मंदिर के पंडित मनीष पाठक ने बताया कि अधिकमास होने से इस बार 8 बड़ा मंगलवार पड़ रहा है, जिसमें हनुमान भगवान को विशेष पूजा की जाएगी। हर मंगलवार को पूजन के साथ भोग-प्रसाद का भी वितरण होगा। पहला बड़ा मंगल 5 मई, दूसरा बड़ा मंगल 12 मई,तीसरा बड़ा मंगल 19 मई,चौथा बड़ा मंगल 26 मई, पांचवां बड़ा मंगल 2 जून,छठा बड़ा मंगल 9 जून,सातवां बड़ा मंगल 16 जून,आठवां बड़ा मंगल 23 जून को पड़ेगा।



# कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

बिलासपुर। सांई नृत्य नीलियम के 10वें स्थापना दिवस "प्रारंभ" को अत्यंत भव्यता और गरिमा के साथ मनाया। यह

वर्ष 2016 में स्थापित भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है, और "प्रारंभ" उसी सफल यात्रा का प्रतीक बनकर सामने आया। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक हरीश दुहन विशिष्ट अतिथि नंद किशोर चौरे की उपस्थिति ने आयोजन की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं। डॉ जी रतीश बाबू एवं डॉ स्वप्नकल्पा दास गुप्ता ने अपनी उत्कृष्ट कला और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संस्था की चारों शाखाओं तथा ऑनलाइन बैच से जुड़े विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 125 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य रचनाएँ केवल तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन नहीं थीं, बल्कि उनमें भाव,लय,अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक गहराई का अद्भुत संगम देखने को मिला।



प्रत्येक प्रस्तुति ने दर्शकों की भरपूर तालियाँ और सराहना अर्जित की। "प्रारंभ" ने यह संदेश सशक्त रूप से स्थापित किया कि जब गुरु का मार्गदर्शन, साधना का अनुशासन और विद्यार्थियों का समर्पण एक साथ आता है, तो कला केवल मंच तक सीमित नहीं रहती वह दर्शकों के हृदय में एक स्थायी अनुभूति बन जाती है। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों एवं विशेष प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का सम्मान किया गया तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

सिम्स की 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' बनी भावनाओं का महासंगम

# चिकित्सा विज्ञान में ज्ञान आवश्यक, उससे भी अधिक संवेदनशीलता

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के ऑडिटोरियम में मंगलवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया।इस सेरेमनी में 173 छात्र-छात्राओं को एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई। यह कार्यक्रम वर्षों की मेहनत, संघर्ष, झलक रही थी। सफेद कोट पहने युवा डॉक्टरों के दिलों में भविष्य के सपनों में सराबोर था। यह केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं था। यह उन हजारों रातों का उत्सव था, जो किताबों के बीच गुजरीं। यह उन अनगिनत संघर्षों की कहानी थी, जहां कभी नींद से लड़कर पढ़ाई हुई, तो कभी अस्पतालों में मरीजों की पीड़ा देखकर संवेदनाएं और मजबूत हुईं। यह उन माता-पिता के त्याग का सम्मान था, जिन्होंने अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने के लिए हर कठिनाई को मुस्कुराकर सहा। कार्यक्रम की शुरुआत होते ही पूरा सभागार भावनात्मक वातावरण में डूब गया। मंच पर जब विद्यार्थियों के सफर का उल्लेख किया गया, तो कई छात्र-छात्राओं की आंखें नम हो गईं। कुछ वर्षों पहले जो विद्यार्थी अपने सपनों और आशंकाओं के साथ मेडिकल कॉलेज की दहलीज पर पहुंचे थे, वही डॉक्टर बनने की गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ समाज की सेवा के लिए तैयार खड़े थे। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि यह दिन केवल डिग्री प्राप्त करने का नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्वीकार करने का दिन है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर बनने के पीछे वर्षों का कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण छिपा होता है। एक चिकित्सक के हाथों में केवल स्टेथोस्कोप नहीं होता, बल्कि किसी परिवार की उम्मीद, किसी मां की दुआ और किसी मरीज का विश्वास भी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि चिकित्सा विज्ञान में ज्ञान आवश्यक है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है संवेदनशीलता। मरीज जब अस्पताल आता है, तब वह केवल इलाज नहीं चाहता, बल्कि भरोसा चाहता है। डॉक्टर का एक अच्छा व्यवहार, एक सांत्वना भरा शब्द और एक संवेदनशील दृष्टिकोण मरीज को नई ताकत देता है। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में दीपक श्रीवास्तव, डॉ. आरती पांडे, डॉ राजीव रतन तिवारी, अशोक दिल्लीवार एवं डॉ संदीप सोमवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ बीपी सिंह, डॉ भूपेंद्र कश्यप, डॉ केशव कश्यप, डॉ मनीष साहू, डॉ श्रेया तोड़ी, डॉ रेखा बारापात्रे, डॉ ओपी राज, डॉ मधुमिता मूर्ति, डॉ संगीता जोगी, डॉ चंद्रहास ध्रुव, डॉ जे.पी. स्वइन तथा डॉ सागरिका प्रधान सहित सिम्स के अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षकगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



### कोविड का कठिन दौर भी देखा

कोविड महामारी का कठिन दौर भी इस बैच के जीवन का हिस्सा रहा। जब पूरी दुनिया भय और अनिश्चितता से गुजर रही थी, तब इन्हीं विद्यार्थियों ने मेडिकल शिक्षा के साथ-साथ अस्पतालों के वास्तविक वातावरण को करीब से देखा। कई विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने पहली बार जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष को इतने करीब से महसूस किया। किसी ने मरीज की आंखों में उम्मीद देखी, तो किसी ने अपनों को खोने का दर्द। इन अनुभवों ने उन्हें केवल डॉक्टर नहीं, बल्कि संवेदनशील इंसान भी बनाया।

### नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का आधार बनाएं

चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर बनने का सफर कभी समाप्त नहीं होता। हर दिन एक नई चुनौती, नया अनुभव और नई सीख लेकर आता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यही विद्यार्थी हजारों लोगों के जीवन से जुड़ेंगे और समाज के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे हमेशा विनम्रता, सेवा भावना और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का आधार बनाएं।

## खबर संक्षेप

### जेल में तबियत खराब विचाराधीन बंदी की मौत



**बिलासपुर।** जेल में तबियत खराब होने पर एक विचाराधीन बंदी की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया कि मस्तूरी गतौरा निवासी राजू गोंड पिता मोहनलाल गोंड 32 साल बीएनएस की धारा 65 में 26 सितंबर 2025 से जेल में बंद था। 5 मई की सुबह बैरक में बैठने के दौरान अचानक उसके सीने में दर्द हुआ। उसे इलाज के लिए जेल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### बाइक से गिरकर दो युवकों की मौत

**बिलासपुर।** कोरबा जाने के दौरान तीन सवारी बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गए। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। कोरबा हरदीबाजार निवासी दुर्गेश



पटेल पिता विनोद पटेल अपने दोसत जोगेश्वर पटेल व तामेश्वर के साथ 4 मई की रात बाइक में बिलासपुर से हरदीबाजा रहे थे। रात 12.30 बजे रतनपुर नेशनल हाइवे में बाइक अनियंत्रित होने से तीनों गिर गए। हादसे में जोगेश्वर पटेल व तामेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद जोगेश्वर पटेल को मृत घोषित कर दिया। वहीं तामेश्वर को सिविल लाइन क्षेत्र के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पत्नी को मारने का प्रयास, पति गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चरित्रशंका पर चूहामार खिलाकर पत्नी को मारने की कोशिश करने वाले पति को



पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि मचखंडा निवासी रामरतन सूर्यवंशी 65 साल अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका कर हमेशा मारपीट कर रहा था। उसके बाद भी उसकी पत्नी परिवार के साथ रह रही थी। इसी बीच उसने घर में चूहा होने की बात कहकर अपनी पत्नी को चूहामार खरीदकर लेकर आने को कहा। पत्नी ने गांव के दुकान से दवा खरीदकर लाई पति को दे दी। आरोपी पति लकड़ी लेकर आने की बात कहकर पत्नी को खार लेकर गया और उसे जबरदस्ती चूहामार खिला दिया। जानकारी होने पर परिजन ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। तीन दिन बाद होश आने पर महिला ने यह बात अपने बेटे को बताई। पुलिस पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी रामरतन सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया है।

**करंट अकाउंट में राशि नहीं रखने के निर्देश**

**मार्च महीने में खर्च व बचत की जानकारी लेने ट्रेजरी ने जारी किया पत्र**

# वित्त विभाग ने जिले के 280 डीडीओ से मांगा करंट अकाउंट की राशि का हिसाब

**बिलासपुर।** जिला कोषालय द्वारा जिले के 280 आहरण संवितरण अधिकारियों से उनके विभाग में करंट अकाउंट में उपलब्ध राशि का हिसाब मांगा गया है।

वित्त विभाग के निर्देशानुसार ई-पेमेंट व्यवस्था लागू होने के बाद वेंडरों को राशि भुगतान सीधे उनके खातों में किया जाना है। वित्त विभाग के उक्त निर्देशों के पालन होने या नहीं होने संबंधी जांच के लिए जिला कोषालय द्वारा जिले के सारे डीडीओ को पत्र जारी कर उनके द्वारा मार्च में किए गए भुगतान एवं वर्तमान में करंट अकाउंट में उपलब्ध शेष राशि की




जानकारी मांगी गई है। वित्त विभाग द्वारा प्रदेश के सारे विभागों से उनके करंट अकाउंट में उपलब्ध शेष राशि की जानकारी चाही गई है। इसके अंतर्गत जिला कोषालय द्वारा जिले में पदस्थ 280 आहरण संवितरण अधिकारियों 'डीडीओ' को पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार सारे विभागों से उनके द्वारा मार्च 2026 में किए गए खर्च की जानकारी मांगी गई है। इसी तरह वर्तमान में करंट अकाउंट में उपलब्ध बैलेंस का भी डिटेल मांगा गया है। वित्त विभाग के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार ई-पेमेंट व्यवस्था के अंतर्गत वेंडरों को डायरेक्टर खातों में भुगतान करने जैसे निर्देश होने के बाद करंट अकाउंट में शासन का अधिकाधिक पैसा बचाकर रखना पूरी तरह नियमों के विरूद्ध एवं औचित्यहीन है।

### करंट अकाउंट में अधिकतम दो हजार रखने का नियम

वित्त विभाग से मिली जानकारी के अनुसार किसी भी विभाग में आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा करंट अकाउंट में अधिकतम दो हजार रूपए ही रखे जा सकते हैं। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय यह राशि दस हजार थी, जिसे बाद में घटाकर पांच हजार किया गया था। वर्तमान में यह राशि दो हजार रूपए कर दी गई है। उक्त राशि का उपयोग कार्यालय की साफ-सफाई व सफाई कर्मियों के भुगतान जैसे खर्चों के लिए किया जा सकता है।

### क्यों काटे जाएंगे चेक?

वित्त विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में ई-पेंमेंट व्यवस्था लागू होने के बाद चेक काटकर भुगतान करने वाली व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। ऐसे में यदि करंट अकाउंट में बड़ी राशि जमा रखी जाती है, तो सीधा अर्थ है कि किसी ना किसी को चेक से भुगतान किया ही जाना है। जो कि नियमों के विपरीत है। यही कारण है कि पूरे प्रदेश के सारे विभागों से करंट एकाउंट का हिसाब मांगा गया है।

### जानकारी मांगी गई

वित्त विभाग के निर्देशानुसार मार्च में किए गए खर्च एवं करंट अकाउंट में वर्तमान में उपलब्ध शेष राशि की जानकारी के लिए जिले के 280 डीडीओ को पत्र भेजा गया है। प्रदेश में ई-पेमेंट व्यवस्था लागू है, जिससे किसी भी वेंडर को चेक काटकर भुगतान नहीं करना है, सीधे संबंधित के खाते में भुगतान किया जाना है। ऐसे में करंट अकाउंट में राशि का अनावश्यक जमाव नियमानुसार सही नहीं है।

**-बसंत गुलेरी,** वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी

**गोंड़पारा के निवासियों एवं सब्जी व्यापारियों ने निगम को सौंपा ज्ञापन**

# बृहस्पति बाज़ार को मुन्नूलाल स्कूल परिसर में शिफ्टिंग का विरोध, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाज़ार को मुन्नूलाल स्कूल परिसर, गोड़पारा में शिफ्टिंग का विरोध शुरू हो गया है। मोहल्लेवासियों के साथ ही सब्जी व्यापारियों ने इसे गलत बताया है।

- **बिना किसी वैज्ञानिक ट्रैफिक सर्वे, बिना स्थल क्षमता जाने लिया गया फैसला**

लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले से ही शनिचरी बाज़ार, गोल बाज़ार, सदर बाज़ार, सिटी कोतवाली मार्केट एवं सराफा जैसे अत्यधिक व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों से घिरा हुआ है। साथ ही, सिम्स अस्पताल के कारण प्रतिदिन यहां भारी यातायात दबाव बना रहता है। ऐसे में एक बड़े साप्ताहिक बाजार का यहां विस्थापन करना स्थिति को विस्फोटक बना देगा, जिससे आम नागरिकों, मरीजों, एम्बुलेंस सेवाओं एवं स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

दूसरी ओर व्यापारियों का कहना है कि गोंड़पारा में ना तो वहां चबूतरे बनाए गए हैं और ना ही शेड है। सुरक्षा और बाउंड्री भी नहीं है। पर्याप्त सड़क, यातायात और बुनियादी सुविधाओं का अभाव व्यापार और जनजीवन दोनों को प्रभावित करेगा। शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। इसके लिए निगम की टीम ने बाजार की दुकानों में नोटिस भी चस्पा कर दिया है और शिफ्टिंग की तैयारी की जा रही है। पहले रिवर व्यू में और अब तय किया गया है कि इस बाजार को मुन्नूलाल स्कूल परिसर, गोड़पारा में शिफ्ट किया जाएगा।



बाजार शिफ्टिंग का विरोध करते व्यापारी व गोंड़पारा के निवासी।

### पहले से ही लोग शोर और जाम से जूझ रहे

इसकी जानकारी मिलते ही गोंड़पारा और आसपास के लोग विरोध में उतर आएं हैं। निगम को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि यह फैसला अत्यंत आपत्तिजनक है कि इतना बड़ा निर्णय बिना किसी वैज्ञानिक ट्रैफिक सर्वे, बिना स्थल की वहन क्षमता के आंकलन एवं बिना स्थानीय नागरिकों से परामर्श के लिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि पूर्व में इसी क्षेत्र में स्थापित चौपाटी के कारण पहले से ही नागरिक जाम, शोर एवं अव्यवस्था की समस्या से जूझ रहे हैं। अब यदि सब्जी मंडी को भी यहां लाया जाता है, तो यह स्थिति पूर्णतः असहनीय हो जाएगी। लोगों ने बाजार को मुन्नूलाल स्कूल, गोड़पारा में विस्थापित करने की योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है।

### सभी व्यापारिक संगठन उतरे विरोध में

इधर इस शिफ्टिंग के विरोध में अब शनिचरी बाजार, चाटीडीह सब्जी मंडी और तिफरा थोक सब्जी मंडी के व्यापारी संघ भी खुलकर सामने आ गए हैं। सभी संगठनों ने एक स्वर में निगम के फैसले को अव्यावहारिक और व्यापार विरोधी बताया है। व्यापारियों का कहना है कि शहर भर में बृहस्पति बाज़ार जैसा विशाल और सुव्यवस्थित पार्किंग स्पेस कहीं उपलब्ध नहीं है,जबकि नई जगह पर ऐसी कोई ठोस व्यवस्था नहीं दिख रही है। व्यापारियों ने यह भी मांग रखी है कि विस्थापन से पूर्व नई बिल्डिंग में दुकानों का किराया और शुल्क पारदर्शी रूप से तय किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी व्यापारी को आर्थिक असमंजस या दबाव का सामना न करना पड़े।

### निगम पर भरोसा नहीं कर पा रहे व्यापारी

व्यापारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो वे उग्र आंदोलन और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। व्यापारियों ने निगम प्रशासन पर भरोसे को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निगम पर भरोसा करना तलवार की धार पर चलने जैसा है। वर्ष 2007 में चाटीडीह बाजार को तोड़ा गया था, जिसके बाद थोक व्यापारियों को तिफरा में दुकानें तो दी गईं, लेकिन चिल्हर (खुदरा) सब्जी व्यापारी आज भी अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस पुराने अनुभव के चलते व्यापारी वर्तमान विस्थापन को लेकर आशंकित हैं। यही हाल इमलीपारा के व्यापारियों का भी हुआ।

**अव्यवस्था...**



रिवर व्यू चौपाटी हो गया कबाड़, फैली गंदगी।

**व्यापार विहार में संयुक्त टीम का छापा**

# लाखों की फर्जी एवरेस्ट मसालों की खेप जब्त



कार्रवाई करती खाद्य एवं औषिधि प्रशासन और राजस्व की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार स्थित श्री बालाजी कार्गो मूवर्स ट्रांसपोर्ट में नकली मसाले की खेम होने की जानकारी मिलने पर पहुंची खाद्य एवं औषिधि प्रशासन व राजस्व की टीम को 8 बड़ी झालों में भरे करीब 32 बॉक्स नकली एवरेस्ट ब्रांड के चिकन मसाले बरामद किया है लेकिन ताज्जूब की बात यह है कि ट्रांसपोर्टर्स के पास ना तो भेजने वाली की जानकारी है और ना ही खरीददार की। ऐसे में संयुक्त टीम की कार्रवाई अधर में लटक चुकी है। बताया जा रहा है कि एवरेस्ट कंपनी के अधिकारी ही इस मामले में एफआईआर कराएंगें। जिसके बाद पुलिस डुप्लीकेट माल बेचने और प्रशासन मसालों का परीक्षण करा सकेगा।

नकली और डुप्लीकेट खाद्य सामग्री का कारोबार जिले में तेजी से पैर पसार रहा है। बाजारों में मिलावटी सामानों की बढ़ती आमद अब आम उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। सोमवार की देर रात व्यापार विहार क्षेत्र के श्री बालाजी कार्गो मूवर्स ट्रांसपोर्ट पर राजस्व विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की और लाखों रुपए की संदिग्ध नकली चिकन मसाला खेप जब्त की है।टीम ने 8 बड़ी झालों में भरे करीब 32 बॉक्स नकली एवरेस्ट ब्रांड के चिकन मसाले बरामद किया है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे माल को जब्त कर लिया और परिसर को सील कर दिया है। जांच के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी स्पष्ट किया कि जब्त मसाला उनके ब्रांड का असली उत्पाद नहीं है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। कार्गो मूवर्स के संचालक ने इस पूरे मामले से खुद को अलग बताते हुए कहा कि इस सामान की कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, जिस स्थान पर यह खेप रखी गई थी वहां लगे सीसीटीवी कैमरे अब इस पूरे नेटवर्क का खुलासा करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### बड़ा सवाल, कैसे पहुंचा माल

कार्रवाई ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर नकली खाद्य सामग्री शहर तक कैसे पहुंच रहा है जबकि ट्रांसपोर्ट ने अधिकारियों को कुछ भी बताने से मना कर दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग अबतक मामले में सैंपल नहीं ले सकता है। कंपनी के अधिकारियों के आते ही सैंपल ली जाएगी। वहीं संचालक को नोटिस जारी कर सामान के बारे में पड़ताल की जा रही है।

### एफआईआर दर्ज कराई जाएगी

राजस्व व हमारी टीम ने संयुक्त तौर पर छापामार कार्रवाई की है, लेकिन ट्रांसपोटर ने माल के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की है, जिसके चलते कंपनी के अधिकारियों से बात की गई है, अब वे यहां आकर माल की पुष्टि करेंगें और वे ही एफआईआर दर्ज कराएंगें।

**-आर आर देवांगन,** अभिहित अधिकारी, खाद्य विभाग

# महिला पर चाकू से हमला, मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** बीती रात रिश्तेदार को रेलवे स्टेशन छोड़कर अपने पति के साथ घर लौट रही महिला से मुल्कराज होटल के सामने दो युवक जबरिया गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर एक युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे महिला के हाथ में चोट आई है। पुलिस चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है। ज्ञात हो पिछले दिनों होटल के सामने एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का वीडियों वायरल हुआ था। लोगों का कहना है कि देर रात तक होटल के सामने असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।

तोरवा पुलिस के अनुसार क्षेत्र की रहने वाली लक्ष्मी सतनामी पति लक्ष्मीनारायण 4 मई की रात 8.30 बजे अपने पति के साथ रिश्तेदार को छोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन गई थी। छोड़ने के बाद दोनों पति- पत्नी पैदल घर लौट रहे थे। रात 9 बजे मुल्कराज होटल के सामने राजा व डैनी मिले और बिना करण के उनसे वाद विवाद करने लगे। लक्ष्मी ने गाली देने से मना किया तो राज ने जान से मारने की धमकी देते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पर उनके हाथ की कलाई में चोट आई है। वहीं डैनी ने हाथ मुक्का से जमकर मारपीट किया है। उनके पति लक्ष्मीनारायण ने बीच बचाव कर बचाया। चाकूबाजी की वारदात से होटल के सामने हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पीड़ित महिला ने थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर राजा व डैनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। पुलिस हमलावर चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है।

### युवक से मारपीट करने का वीडियो हुआ था वायरल

पिछले दिनों होटल मुल्कराज के सामने ही एक युवक के साथ युवकों के द्वारा जमकर बेरहर्मी से मारपीट करने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ था। बताया जाता है कि होटल के सामने देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। उनके द्वारा आने जाने वाले लोगों के साथ गुण्डागर्दी कर मारपीट की जाती है। लगातार विवाद सामने के आने के बाद भी पुलिस होटल को समय पर बंद नहीं करा पा रही है।

# यात्रा कराने के नाम पर 15 से अधिक लोगों से 8 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** यात्रा कराने के नाम पर 15 से अधिक लोगों से 8 लाख 12 हजार 878 रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने प्राइवेट कंपनी के संचालक सहित कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन थाना के एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने बताया कि कोरबा हरदीबाजार निवासी अमित गुप्ता पिता रामाकांत गुप्ता 36 साल ने रिपोर्ट लिखाई कि श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित मैग्नेटो मॉल फोर्थ फ्लोवर में एक टूर एण्ड ट्रैवर्ल्स की प्राइवेट कंपनी है। कंपनी के संचालक व कर्मचारियों के द्वारा लोगों को सुख सुविधा के साथ यात्रा कराने की योजना बताई गई। उनकी बातों में आकर श्री गुप्ता सहित 15 से अधिक लोगों ने परिवार के साथ यात्रा करने के लिए 8 दिसंबर 2025 से 16 अप्रैल 2026 तक 8 लाख 12 हजार 878 रुपए जमा किया। पैसा जमा करने के बाद भी उन्हें तय सीमा पर यात्रा नहीं कराया गया। पीड़ित लोगों ने कार्यालय में जाकर संपर्क किया तो संचालक व कर्मचारियों के द्वारा बहाने बनाकर घुमाया जाता रहा। पीड़ितों ने अपने पैसा वापस मांगें तो भी नहीं लौटाया गया। पुलिस ने श्री गुप्ता की रिपोर्ट पर कंपनी के संचालक नागेश बाला, साहेब साखरे व उनके सहयोगी श्रीमांत राम खांडे, किरण मुनी, इमरान अंसारी, कपिल, आसिफ, साहिल ठाकुर, अश्रय मिथे, अनुराग गुप्ता, ईश्वर जादव, कुमुद, जितेश, पृथ्वी अभिषेक एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सीएमओ को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत शिविरों के दौरान तखतपुर में प्रचार-प्रसार में लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इस पर कलेक्टर ने तखतपुर के सीएमओ अमरेश सिंह को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं ई-डिस्ट्रिक्ट योजना के अंतर्गत लगभग 12 प्रतिशत आवेदनों के निरस्त होने पर कलेक्टर ने असंतोष जताया। उन्होंने लोकसेवा केंद्रों के ऑपरेटरों को चेतावनी देने के निर्देश दिए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# विधायकों को जारी हुआ लॉगिन-आईडी पासवर्ड, डिटेल खुद देख सकेंगे

**बिलासपुर।** शासन द्वारा प्रदेश के सारे विधायकों को लॉगिन-आईडी-पासवर्ड जारी किए गए हैं। इसके जरिए विधायक अब खुद अपने द्वारा जारी अनुशंसाओं, खर्च हो चुकी राशि एवं बचत राशि की विस्तृत जानकारी स्वयं देख सकेंगे। अब तक इन सारी जानकारियों के लिए उन्हें जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग पर निर्भर रहना पड़ता था।

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सारे विधायकों को लॉगिन-आईडी-पासवर्ड जारी किया गया है। इसके जरिए अब विधायक न केवल अपने द्वारा जारी अनुशंसाओं व निधि के खर्च व शेष राशि की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्य की अनुशंसा होने से लेकर राशि जारी होने व कार्यपूर्णता तक की वस्तुस्थिति से अवगत हो सकेंगे। शासन द्वारा विधायकों को लॉगिन-आईडी-पासवर्ड जारी करने के पीछे मुख्य उद्देश्य इस पूरी प्रक्रिया का सरलीकरण एवं पारदर्शिता है। शासन द्वारा फिलहाल अपने स्तर पर लॉगिन-आईडी-पासवर्ड जारी किया गया है। जारी होने के बाद विधायक पुराने पासवर्ड को बदलकर अपने हिसाब से आईडी पासवर्ड तैयार कर सकेंगे।

शासन द्वारा प्रदेश के सारे विधायकों को तो लॉगिन-आईडी-पासवर्ड जारी किया गया है, लेकिन जिले के प्रभारी मंत्री को अलग से लॉगिन-आईडी-पासवर्ड जारी नहीं किया गया है। प्रभारी मंत्री के द्वारा जिले की जिस विधासनसभा के विकाय कार्यों के लिए अनुशंसा या राशि जारी की जाएगी।

### शासन ने जारी की राशि

शासन द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विधायक निधि की राशि जारी कर दी गई है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विधायक के लिए 2 96 करोड़ एवं जिले के प्रभारी मंत्री के लिए प्रति विधानसभा एक करोड़, याने जिले की छह विधानसभाओं बिलासपुर, कोटा, बिल्हा, तखतपुर, मस्तूरी एवं बेलतरा के लिए कुल छह करोड़ रूपए जारी किए गए हैं।

### प्रक्रिया को बनाया गया सरलीकरण

विधायक निधि से विकास कार्यों के लिए जारी अनुशंसाओं एवं राशि जारी करने की पूरी प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए शासन द्वारा प्रदेश के सारे विधायकों को लॉगिन-आईडी-पासवर्ड जारी किया गया है।

**-एनके नेताम,** उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग



## खबर संक्षेप

### शिक्षक संतोष को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न पुरस्कार



**मरवाही।** रायपुर में 25 अप्रैल को आयोजित भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा नवाचारी गतिविधियां समूह भारत की ओर से आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2025-2026 में मरवाही के शिक्षक संतोष प्रजापति को शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करहनी विखं मरवाही के शिक्षक संतोष प्रजापति के द्वारा विज्ञान व गणित की कठिन अवधारणाओं को प्रैक्टिकल के माध्यम से सरल से सरल तरीके से समझाने के सतत प्रयास सहित खेलकूद, योग, कौशल विकास व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में मौलिक व रचनात्मक गुणों का विकास किया गया। इसके लिए संतोष प्रजापति का चयन राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न पुरस्कार हेतु किया गया।

### आर्ट ऑफ लिविंग के छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का समापन



**लोरमी।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से आयोजित छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का समापन साहू धर्मशाला में हुआ। कार्यक्रम के प्रशिक्षक हरजिंदर छाबड़ा ने बताया कि, इस शिविर में लोरमी व आसपास क्षेत्र से शामिल प्रतिभागियों को योग, ध्यान, प्राणायाम और विशिष्ट सुदर्शन क्रिया के साथ उन्हें जीवन जीने की कला के ज्ञान सूत्र सिखाए गए। कार्यक्रम के दौरान सत्संग का भी आयोजन किया गया, जिसमें शामिल होकर अनेक लोगों ने लाभ लिया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि, यह कार्यक्रम सभी को करना चाहिए। इस कार्यक्रम से हमें बहुत ही लाभ प्राप्त हुआ है। योग, प्राणायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया हमारे लिए बहुत अद्भुत है, इसे हमें रोज करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने डॉक्टर रूपेश साहू, गोपाल अग्रवाल, धनेश साहू, बिहारी यादव, आशीष डडसेना, धर्मेंद्र साहू, दिनेश जायसवाल, सूर्यकांत शर्मा, लीना छाबड़ा, प्रेम अग्रवाल, ज्योति तिवारी ,राकेश तिवारी,अंजना, प्राची, शिवांगी, नन्दिता, आदित्य वर्धन, कमलेश साहू, निखिल मोर्य, कमलेश श्रीवास, विनोद तिवारी, राजेश शर्मा, डॉ राजेंद्र द्विवेदी, मुकेश केसरवानी, देव चौहान, डॉक्टर अनामिका चौहान आदि वालंटियर जुटे रहे।

### महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस कार्यशाला



**तखतपुर।** महिला उद्यमियों को बाजार से जोड़ने, उनके उत्पादों की बिक्री और ब्रांडिंग को मजबूत करने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खपरी तखतपुर में मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर तखतपुर शशांक शर्मा, पीआरपी संतोषी रजवाड़े एवं सुनीता कश्यप की ओर से किया गया। वक्ताओं ने कहा कि, महिला उद्यमिता आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर एफकेसी इंडिया लिमिटेड से इफ्तेखार एवं यूनुस भी उपस्थित रहे। अंत में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम एवं एफकेसी इंडिया लिमिटेड द्वारा सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### नाबालिग का दैहिक शोषण आरोपी को भेजा गया जेल



**मुंगेली।** नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर उसके साथ दैहिक शोषण करने वाले को पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से नाबालिग को सकुशल बरामद किया गया। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र की प्रार्थिया ने थाने में उरिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसकी नाबालिग लड़की को 1 मार्च को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। विवेचना दौरान मुखबीर की सूचना पर पुलिस की टीम पुणे महाराष्ट्र भेजी गई और 30 अप्रैल को संदेही आरोपी दुजे राम ध्रुव पिता संतोष उम्र 23 वर्ष निवासी बलौदी थाना सिटी कोतवाली के कब्जे से पीड़िता को सकुशल बरामद कर उसका कथन लिया गया। कथन के अनुसार आरोपी ने नाबालिग जानते हुए भी बालिका की मांग भरकर उसके साथ लगातार शारीरिक शोषण किया। साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 87, 64 (2), (एम) बीएनएस, 04, 06 पॉक्सो एक्ट की धारा जोड़ी गई एवं आरोपी दुजेराम ध्रुव को 3 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### सुशासन तिहार शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण

# गांव, गरीब के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में निरंतर किया जा रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



ग्राम सुरदा स्थित पूर्व माध्यमिक शाला मैदान में 25 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर अनुसार आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हुआ। गांव को आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति जैसी महत्वपूर्ण सौगात भी मिली। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई व परामर्श दिया गया। इस दौरान सुरदा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, शासन द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। गांव, गरीब एवं आमजनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, महतारी वंदन योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही आवास योजना और धान खरीदी जैसे प्रयासों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। विधायक मोहले ने विद्युत, स्वच्छ पेयजल दुरूस्त कर राशनकार्ड, राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, यथाशीघ्र राशन दुकान में जाकर ई-केवायसी कराएं, ताकि नियमित रूप से राशन मिल सके। सभी राशनकार्डधारियों को समय पर राशन सामग्री नियमित रूप से मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्युतीकरण में बेहतर करने के लिए ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह पीएम सूर्यघर योजना का लाभ लेने आमजनों को प्रेरित किया। शिविर के दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी शिविर के माध्यम से गांव–गांव पहुंचकर आमजनों की मांगों एवं समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। यही सुशासन है। आमजनों को कार्यालय तक जाने की जरूरत नहीं है। शिविर में जिला प्रशासन की टीम एक ही जगह पर उपस्थित हैं। आमजन शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ उठाएं। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि, शिविर में मांगों एवं शिकायतों से संबंधित 610 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 24 ग्रामीण एवं 9 शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। सुशासन तिहार अंतर्गत 6 मई को पथरिया विकासखण्ड के ग्राम गंगद्वारी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में पथरगढ़ी, सकेरी, खपरी, गंगद्वारी, पौंसरी, सोढ़ी, मोहभट्ठा, जरेली, पेटुलकापा, भरेवा, सिलदहा, घुठेली, सोढ़ी नि, डिघोरा, परसदा, बेलखुरी, लमती, कलार जेवरा, खुटेरा, कपुवा, सिलतरा, छिन्दभोग, भठली, जुनवानी और जोता में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### वन ग्राम छपरवा से सुशासन तिहार शुरू, मिले 277 से अधिक आवेदन



उप स्वास्थ्य केंद्र छपरवा के उन्नयन के लिए 19.19 लाख रुपए स्वीकृत

**लोरमी।** एटीआर के सुदूर वन क्षेत्र में स्थित ग्राम छपरवा से सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनो की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई व परामर्श दिया गया। इस दौरान पहुंचने वाले आमजनों को गर्मी से राहत दिलाने मनियारी नीर प्याउ घर में स्वच्छ पेयजल एवं शरबत की व्यवस्था की गई थी। शिविर में मांगों एवं शिकायतों से संबंधित 277 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र छपरवा के उन्नयन के लिए 19.19 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। शिविर में जनपद पंचायत की अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन प्रकरण सहित अन्य योजनाओं में शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने को कहा।

# मुख्यमंत्री के आगमन के लेकर ग्रामीण भाजपा मंडल की बैठक



**मुंगेली।** संगठन सृजन के तहत मुंगेली ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में आहुत की गई। मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास के स्वागत भाषण पश्चात बैठक में मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि, प्रदेश भर में मंडल स्तर का प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई।

आगामी जिला प्रशिक्षण की तैयारियां चल रही है, जहां प्रदेश भर से विषय वक्ताओं का प्रवास मुंगेली में होगा। शहर में 10 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री का आगमन होना है, जहां विभिन्न चौंक में डॉ अंबेडकर, बाबा गुरुघासीदास, वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप, भक्त माता कर्मा के प्रतिमाओं का अनावरण व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जनसभा होनी है। उक्त तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में युवा प्रवासी कार्यकर्ता बतौर 2 माह बालगढ़ विधानसभा जिला हुगली में विजय के पश्चात लौटे युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उमाशंकर बघेल का कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सोम वैष्णव, जिला कार्यालय मंत्री कोटूमल दादवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर, ताराचंद जांगड़े, दिनेश जायसवाल, उमेश विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, जनक राम साहू, कमलेश सोनकर, अशोक साहू, नरेश वर्मा, सुखदेव साहू, रवि यादव, सोनू जायसवाल, रामानुज साहू, सुभाष पूरी, हेमपाल ध्रुव, बिसाहू डाहरे, भवेंद्र यादव, राजेश साहू, जनपद सिंग, वीरेंद्र साहू आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन व आभार प्रकट मंडल मंत्री जितेंद्र दिवाकर ने किया।



### डाटा संकलन में बनाए रखें शुद्धता एवं पारदर्शिता

**तखतपुर।** तहसीलदार शशांक शुक्ला ने जनगणना कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। पहली मई से जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान गणना प्रारम्भ हो गया है, इसके लिए नियुक्त प्रगणक घर घर जाकर जानकारी ले रहे हैं। अब तक के कार्यों की प्रगति को लेकर तहसीलदार शशांक शुक्ला के द्वारा सुपरवाइजर एवं फील्ड ट्रेनरों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें समय पर कार्य पूर्ण करें। तथा डाटा संकलन में शुद्धता एवं पारदर्शिता बनाए रखें। बैठक के दौरान फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं पर फील्ड ट्रेनर जितेंद्र शुक्ला और डॉक्टर राजीव शर्मा के द्वारा चर्चा की गई तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। तकनीकी रूप से आने वाली समस्याओं पर अभिषेक देवांगन ने जानकारी दी। तहसीलदार ने यह भी कहा कि सभी कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रोशनी कवर, कृपा राम साहू, रामनारायण श्रीवास, देवकांत सोनी, सुवर्णा मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पैकेज ड्रिंकिंग वाटर विक्रेताओं व निर्माताओं को सख्त निर्देश

**मुंगेली।** जिले में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री और औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'सही दवा–शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार' अभियान के खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने पैकेज ड्रिंकिंग वाटर विक्रेताओं एवं निर्माताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की। निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई, जल निकासी, कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पैकेजिंग प्रक्रिया एवं निर्माण-अवसान तिथि के सही अंकन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं



का परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सभी प्रतिष्ठानों को गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं औषधि शाखा द्वारा नशीली एवं प्रभावी औषधियों के थोक विक्रेताओं के यहां भी सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान औषधियों के क्रय–विक्रय से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई तथा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ मिठाइयों का वितरण

# पं. बंगाल में भाजपा की जीत पर मना विजय उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा




पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में पेंड्रा नगर में भाजपा मंडल द्वारा विजय उत्सव मनाया गया। पेंड्रा नगर मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी के नेतृत्व में दुर्गा चौक, बस स्टैंड सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों पर कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी एवं झालमुड़ी वितरण के साथ कार्यकर्ताओं ने नाचते-गाते हुए अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की उपस्थिति रही। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी ने इसे जनता के अटूट विश्वास एवं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व की जीत बताया। ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री सौरभ साहू ने कहा कि, यह विजय देश की जनता के अटूट विश्वास, सुशासन एवं विकास की राजनीति की जीत है, जिसमें प्रधानमंत्री के नेतृत्व को जनता ने फिर से स्वीकार किया है। वहीं जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन ने इसे देश की राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत बताते हुए कहा कि, आने वाले समय में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया। प्रशासन की उपस्थिति में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर गौसेवा आयोग के जिला अध्यक्ष रामजी श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन, वरिष्ठ नेता पवन त्रिपाठी, रितेश फरमानिया, श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय राय, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर लाल चक्रधारी, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देव शरण राठौर, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री दिलशाद इराकी, डॉ प्रवीण राय, डॉ दिलीप राय, निर्माण जायसवाल, आदित्य पांडे, पार्षद गणेश जायसवाल, वेद राम कोल, विमल मिश्रा, विनय सूर्यवंशी, के.पी. जायसवाल, सुरेश गुप्ता, दुर्गी कोल, मुन्नी बाई कोल, महेश मिश्रा, छोटू ताम्रकार, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष शशांक गुप्ता, अधिवक्ता दिलीप साहू, विशाल साहू, युवा मोर्चा के जिला मंत्री हेमंत राव वाघे, विक्रम राठौर एवं प्रांशु साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा में तक्षशिला स्कूल का उत्कृष्ट परिणाम



**मल्हार।** तक्षशिला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोंधरा के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सभी संकायों में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं के परिणाम में साइंस, कॉमर्स एवं आर्ट संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

साइंस संकाय में रिया पटेल ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं महेन्द्र पटेल 80 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं खुशबू पटेल 78.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कॉमर्स संकाय में प्रवीण साहू ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, पूजा केवट 84.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं सतीश प्रजापति 82.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। आर्ट संकाय में प्रिया निर्मलकर ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, राधा प्रजापति 81.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं दिनेश साहू 80.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभा पटेल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अमृता प्रजापति 90 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं प्रताप चंदेल, वेदिका पटेल एवं दुर्गेश यादव 88 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि, कक्षा 10वीं में अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर शैक्षणिक एवं सामाजिक दोनों क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यालय के प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल ने कहा कि, यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षको के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### मोछ के विद्यार्थियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**तखतपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोछ के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम अंचल में गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं में कुमारी संजू सिंगरौल ने 92.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं संजना सिंगरौल ने 89.8 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे व सुकन्या सिंगरौल 88.8 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा 10वीं में कुमारी डीना सिंगरौल ने 87 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पूर्णिमा सिंगरौल 86 प्रतिशत दूसरे व कुमारी दिव्या सिंगरौल 85.8 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहीं। यह उपलब्धि निश्चित तौर पर विद्यालय के प्रिंसिपल विनीता सिन्हा और समस्त व्याख्याताओं के कड़ी मेहनत और परिश्रम का परिणाम है।

# ग्रामीण की पिटाई, सरपंच सहित 3 के खिलाफ जुर्म दर्ज

**लोरमी।** खेत में मिट्टी डालने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें कई घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सरपंच एवं पिता सहित तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जमुनाही में खेत में मिट्टी डलवाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। ग्राम जमुनाही निवासी प्राथी पुष्पा पति मनोज निषाद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, खेत में मिट्टी डालने को लेकर हुए विवाद पर उसके पति मनोज निषाद के साथ ग्राम पंचायत बभनीभवर सरपंच चन्दमणी साहू, उसके पिता रामनाथ साहू, कमलेश साहू ने आरोपियों ने जमकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे देर रात घायल अवस्था मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 50 बिस्तर में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि, आरोपियों ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी हाथापाई की। कांग्रेस नेता एवं सभापति विद्यानंद चंद्राकर ने घायलों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना एवं परिवार के साथ न्याय मिलने तक उनके साथ रहने की भरोसा दिलाया। प्राथी महिला की रिपोर्ट पर ग्राम के सरपंच एवं पिता सहित तीन लोगों के खिलाफ धारा 115, 296,(2), (5),391(3),3,5 के तहत जुर्म दर्ज कर पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि, घायलों का मुलाहिजा कराया गया है, रिपोर्ट के बाद अन्य धाराएं जोड़ी जा सकती हैं।



खेत में मिट्टी डालने को लेकर हुआ था विवाद

# नारियल खरीदने को लेकर पिता-पुत्र पर धारदार हथियार से हमला

**मल्हार।** नगर के मेला चौक में मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। ना ही कानून का डर और ना ही पुलिस का खौफ, आरोपी ने सरेआम भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना ने मल्हार की कानून व्यवस्था पर एक फिर से सवाल खड़ा कर दिया है।



नारियल खरीदने की बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी हमले में बदल गया, जिसमें आरोपी ने पिता-पुत्र पर धारदार कैची से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रार्थी रूपचंद केवट, निवासी मेला चौक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि, वह रोजी-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। 4 मई की रात करीब 8 बजे वह काम से लौट रहा था, तभी मोहल्ले के लोगों ने सूचना दी कि उसके भाई रूपेश केवट और पिता मनहरण केवट पर मोहल्ले के ही ज्ञान उर्फ लक्की श्रीवास ने हमला कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही वे तुरन्त मौके पर पहुंचा, जहां रूपेश चौक के एक मेडिकल स्टोर के सामने बेहोश हालत में पड़ा था, जबकि पिता मनहरण के पीठ से खून बह रहा था। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया। दोनों की स्थिति फिलहाल चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि, नारियल खरीदने की बात को लेकर पहले गांपाबाई श्रीवास से विवाद हुआ था, जिसके बाद उसका बेटा ज्ञान उर्फ लक्की मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने चाकूनुमा कैची से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे रूपेश के होंठ, भुजा, सीने व पेट तथा मनहरण के पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(3), 118(1), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि, फिलहाल प्रारंभिक एफआईआर दर्ज की गई है, मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद अन्य धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं।